


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 161 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 13 मार्च 2025 डाक 14 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की



**देश-विदेश**
महाराष्ट्र में मटन पर सियासत, नितेश राणे बोले- हिंदू धर्म में हलाल खाना मना है, विपक्ष हुआ हमलावर



**फीचर पेज**
आखिर क्यों होलिका दहन की राख को घर ले जाया जाता है ?



# दिल्ली लौटने के बाद पीएम मोदी ने मॉरीशस सरकार और लोगों का जताया आभार, यात्रा को बताया यादगार

**नईदिल्ली, 13 मार्च [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा समाप्त करने के बाद गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए वहां के लोगों और सरकार का आभार जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम, मॉरीशस के लोगों और सरकार का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने मॉरीशस यात्रा के दूसरे दिन का वीडियो भी शेयर किया। प्रधानमंत्री मोदी दूसरी बार मॉरीशस के नेशनल डे पर मुख्य अतिथि थे, पहली बार 2015 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। समारोह के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन (जी.सी.एस.के) पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पहली बार है जब किसी भारतीय नेता को यह सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पुरस्कार को भारत और मॉरीशस के बीच विशेष मित्रता और भारत के 1.4 अरब लोगों और मॉरीशस के लोगों को समर्पित किया। नेशनल डे समारोह के दौरान भारतीय नौसेना की एक मार्चिंग टुकड़ी ने परेड में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर- हमारी बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी से इस क्षेत्र की ताकत और बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यादगार यात्रा के बाद मॉरीशस से रवाना हुए। प्रधानमंत्री रामगुलाम ने प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर विदा किया। इससे पहले मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने मंगलवार को हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया था।

मॉरीशस छोड़ने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा तालाब का दौरा किया। उन्होंने वहां प्रार्थना की। इस दौरान पीएम मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ का वहां अर्पित किया। महाकुंभ मेले से पवित्र जल को गंगा तालाब में लाने का प्रधानमंत्री का इशारा न केवल दोनों देशों के बीच आध्यात्मिक एकता को दर्शाता है, बल्कि उन समृद्ध परंपराओं को संरक्षित और आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के गंगा तालाब पर आना बहुत ही भावनात्मक अनुभव है। इसके पवित्र जल के किनारे खड़े होकर, कोई भी व्यक्ति गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव को महसूस कर सकता है, जो सीमाओं से परे है और लोगों की पीढ़ियों को उनकी जड़ों से जोड़ता है।




**शुभकामनाएं .....**

होली पर्व के उपलक्ष्य में तरूण छत्तीसगढ़ परिवार की ओर से समस्त पाठकों, विज्ञापनदताओं एवं शुभचिंतकों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ....

संपादक

**अवकाश सूचना**

रंगोत्सव पर्व पर दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ कार्यालय में 14 व 15 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

## गुरुग्राम में सपनों का साम्राज्य खाक, किंगडम ऑफ ड्रीम्स की बिल्डिंग में आग लगने से मशहूर रेस्टारेंट जला



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स की बिल्डिंग में कल रात भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से कल्चर गली के नाम से मशहूर आलीशान रेस्टोरेंट जलकर खाक हो गया। कल्चर गली रेस्टारेंट को देशभर के 14 राज्यों का खाना परोसा जाता था। सूचना पर मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में कामयाबी पाई। उधर, एक अन्य मामले में गुरुग्राम के सेक्टर चार में घर के बाहर खड़ी फाक्सवैगन कार को तीन-चार लड़कों ने आग लगा दी। घटना तीन मार्च की रात की है। कार मालिक सेक्टर चार निवासी अक्षित सिंह ने बताया कि जब उन्होंने चार मार्च को देखा तो कार जली हुई अवस्था में खड़ी थी। उन्होंने वजीराबाद वर्कशाप में कार खड़ी कर दी। इसके बाद जब उन्होंने घर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो पता चला कि तीन लड़कों ने जानबूझकर उनकी कार में आग लगाई।

## फागुन मेला से लौट रहे युवक हादसे का शिकार, एक की मौत

**दंतेवाड़ा, 13 मार्च [एजेंसी]।**



2 बाइकों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई है। हादसे में 1 युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 युवक घायल हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला जिले के भांसी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, दंतेवाड़ा में फागुन मेला भरा है। ग्रामीण मेला देखने जा रहे थे। दूसरी तरफ से ग्रामीण मेला से लौट रहे थे। इसी बीच बचेली-दंतेवाड़ा सड़क में तेज रफ्तार 2 बाइकों की आमने - सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों बाइकों में सवार ग्रामीण काफी दूर फेंका गए।

जिससे एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों को भीड़ जुटने लग गई। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। साथ ही 108 को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 108 ने घायलों को जिला अस्पताल लाया। जहां इनका इलाज चल रहा है।

## जमीन रजिस्ट्री महँगी हुई

**रायपुर।** जमीन की खरीदी-बिक्री की सोच रहे हैं, तो इंतजार मत किजिए। एक अप्रैल से रजिस्ट्री दर में 10 प्रतिशत इजाफे के आसार हैं। ऐसी स्थिति में आपके साथ-साथ दूसरे पक्ष को भी कार्रवाई के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। दरअसल, पिछले 6 साल से गाइडलाइन दरें नहीं बढ़ाई गई है। इसके साथ ही सालभर पहले रजिस्ट्री में मिलने वाली 30 फीसदी की छूट भी खत्म कर दी गई है। अबकी बार या करें इस साल इसे करीब 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी है। गाइडलाइन दरें बढ़ने से जमीनों का रेट बढ़ेगा। गाइडलाइन दर बढ़ने की आशंका में अभी से रजिस्ट्री कार्यालय में पक्षकारों की भीड़ नजर आने लगी है। हालांकि, भीड़ बढ़ने के चलते ही रजिस्ट्री का समय वो घंटे बढ़ा दिया गया है. बुकिंग स्लॉट भी बढ़ा दिया गया है। लेकिन प्रकरणों की संख्या ज्यादा होने से समय ज्यादा तो लगेगा ही लगेगा, साथ में गड़बड़ी की भी आशंका बढ़ जाएगी। इसलिए बेहतर है कि समय रहते कागजों की ठीक जांच-पड़ताल कर रजिस्ट्री करा लें।



## रबर गोदाम में आग का तांडव आसमान में काले धुएं का गुबार

**राजस्थान।** राजस्थान के जयपुर में बड़ा हादसा हो गया। जयपुर के हरमद में रबर के गोदाम में भीषण आग लग गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। फिलहाल अभी इस घटना में जान-माल के नुकसान होने की कोई खबर सामने नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है। आग लगने से आसमान से लेकर पूरे मार्केट में धुंआ-धुंआ हो गया है। गोदाम के आसपास रहने वाले लोगों को मौके से हटाया गया। इलाके में लाइट बंद की गई। आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। चारों तरफ धुंए का गुब्बार छाया देखकर वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद दमकल की 30 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। बता दें कि फैन बेल्ट का यह गोदाम यूको बैंक के ऊपर बना हुआ है। आग की घटना को देखते हुए पुलिस ने दोनों तरफ ट्रैफिक को डाइवर्ट किया है।

## अटल आवास से सट्टे का सेटअप बरामद डेढ़ लाख कैश के साथ बुकी अरेस्ट

**बिलासपुर, 13 मार्च [एजेंसी]।**




पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी अटल आवास को किराए पर लेकर दांव लगवा रहा था। आरोपी सट्टेबाज चत्तरुपैनल के जरिए ऑनलाइन एविएटर, विंगो, कैसीनो, हार्स राइडिंग जैसे गेम में सट्टा खिलवा रहा था और पिछले एक महीने से लगातार ठिकाने बदलकर अपना नेटवर्क चला रहा था। आरोपी के पास से एक लाख 80 हजार रुपए बैंक पासबुक, 16 मोबाइल, लैपटाप जब्त किया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। एएसपी उदयन बेहार ने बताया कि अशोक नगर अटल आवास को किराए पर लेकर ऑनलाइन सट्टा चलाने की जानकारी मिली थी।

जिसके बाद पुलिस ने योजना बनाकर मौके पर दबिश दी। इस दौरान घेराबंदी कर घुटकू निवासी सुरेश प्रजापति (32) को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि उसने सोशल मीडिया के टेलीग्राम पर ग्रुप बनाया था, जिसके माध्यम से संपर्क कर सट्टा एप का मास्टर आईडी लिया था। इससे वह अलग-अलग जगहों पर किराए का मकान लेकर सट्टा चला रहा था।

## होली पर जबरन रंग लगाने पर रोक, टोली बनाकर बाइकों पर निकले तो होगा एक्शन

### पुलिस ने जारी किया आदेश, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**हैदराबाद, 13 मार्च [एजेंसी]।**

होली को लेकर हैदराबाद और साइबराबाद पुलिस ने एक गाइडलाइन जारी की है। पुलिस की अधिसूचना के मुताबिक हैदराबाद शहर और साइबराबाद में किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग लगाने पर रोक रहेगी। आदेश के मुताबिक सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी अनिच्छुक व्यक्ति और वाहनों पर रंग या रंगीन पानी फेंकने पर रोक है। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर टोलियों में दोपहिया और अन्य वाहनों की आवाजाही पर भी रोक रहेगी। पुलिस ने यह कदम इस वजह से उठाया है ताकि शांति व्यवस्था भंग न हो और जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। होली उत्सव से जुड़ा यह आदेश हैदराबाद में 13 मार्च की शाम 6 बजे से 15 मार्च सुबह 6 बजे तक और साइबराबाद में 14 मार्च को सुबह 6 बजे से 15 मार्च सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा।

उधर, मध्य प्रदेश के इंदौर में होली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने महू में फ्लैग मार्च निकाला। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की।इससे पहले बुधवार को नोएडा पुलिस ने होली और जुमे की नमाज से पहले फ्लैग मार्च किया। पुलिस उपायुक्त राम बदन सिंह ने कहा कि अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। पर्याप्त बल को तैनात किया गया है।

## ट्रंप के टैरिफ से अमेरिका पर छाए मंदी के बादल नौकरियों पर भी मंडराया खतरा, अर्थशास्त्री ने दी चेतावनी

**नईदिल्ली, 13 मार्च [एजेंसी]।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों से ग्लोबल ट्रेड वॉर बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अमेरिका में मंदी आने वाली है। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ फैसले से अमेरिका में मंदी आने की संभावना जताई जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के वैश्विक मुख्य अर्थशास्त्री पॉल ग्रुएनवाल्ड ने कहा कि टैरिफ पर व्हाइट हाउस के लगातार बदलावों से उत्पन्न अनिश्चितता ने संभावित रूप से व्यावसायिक निवेश में देरी की है और उपभोक्ताओं को खर्च कम करने के लिए प्रेरित किया है। अरबपति ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क की तरफ से सरकारी खर्च को कम करने और अपव्यय को कम करने का अभियान भी आवश्यकता से अधिक खतरनाक रहा है।

उन्होंने 1990 के दशक में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के नेतृत्व में सरकार में बदलाव के प्रयास की ओर इशारा किया। मंदी की चर्चा होते ही लोगों को याद आती है 1929 की महामंदी। पहले विश्व युद्ध के बाद आई इस मंदी ने दुनिया की आर्थिक कमर तोड़ दी थी।

### आज होलिका दहन.....

देशभर में आज होलिका दहन मनाया जाएगा। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हिंदू परिवार लकड़ी के ढेर को तीन या सात बार सफेद धागे से लपेटकर पूजा अर्चना करते हैं। कुमकुम, जल और फूल चढ़ाकर प्रार्थना करते हैं। इसके बाद होलिका दहन किया जाता है। अगले दिन लोग रंग खेलते हैं। एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई देते हैं।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## अररिया में बदमाश को पकड़ने गए एएसआई पर भीड़ का हमला, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



**अररिया।** अररिया के फुलकाहा थाना में पदस्थापित एएसआई राजीव रंजन मल्ल की भीड़ के हमले के बाद मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी एसपी ने दी है। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में गांजा तस्कर अनमोल यादव के आने की सूचना पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल छापामारी में गई थी। जहां अनमोल यादव को पुलिस ने पकड़ लिया था। इसी दौरान ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस पर हमला करके उसको छुड़ा लिया। इसी क्रम में एएसआई गिर कर अचेत हो गए। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक एएसआई राजीव रंजन मल्ल मुंगेर जिला के नया रामनगर थाना क्षेत्र के जानकीनगर के रहने वाले थे, जो फुलकहा थाना में दो वर्षो से पदस्थापित थे।पिता अनिल मल हैं। मौत का स्पष्ट कारण पुलिस नहीं बता रही है। मृतक को दो बेटी है। परिवार पटना में रहता है। नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल में शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुटी है। घटना बीते रात लगभग एक बजे की है। स्वजन पटना से अररिया पहुंच रहे हैं।

# माटी अधिकार मंच ने एसईसीएल मुख्यालय में किया प्रदर्शन

## गेवरा, दीपका, कुसमुंडा क्षेत्र के विस्थापित हुए शामिल

**कोरबा।** माटी अधिकार मंच ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में गेट जाम धरना प्रदर्शन किया । जिसमें लगभग 250 से अधिक भूविस्थापित महिला पुरुष शामिल हुए । इस दौरान कुसमुंडा , कोरबा, गेवरा , दिपका क्षेत्र के भूविस्थापित उपस्थित रहे । प्रदर्शन के दौरान भुविस्थापितो ने जमकर अपनी भड़ास निकली।

धरना प्रदर्शन के दौरान एसईसीएल मुख्यालय के अधिकारियों ने कई बार वार्ता करने की प्रस्ताव रखी , परंतु जवाबदार अधिकारी से बात करने की शर्त पर संगठन के अध्यक्ष ब्रजेश श्रीवास अड़े रहे । संगठन ने महाप्रबंधक श्रम शक्ति एवं महाप्रबंधक भू राजस्व के साथ वार्ता के लिए मना कर दिया । डायरेक्टर योजना परियोजना के मुख्यालय से बाहर नागपुर में मीटिंग में सम्मिलित होने के कारण 13 मार्च को मीटिंग किया जाना तय किया गया जिसमें डायरेक्टर, मैनपॉवर लीगल , औद्योगिक संबंध के अधिकारी उपस्थित रहेंगे । संगठन ने अधिकारियों को कहां की अगर मीटिंग की तिथि में परिवर्तन की जाती है या सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाते हैं तब बगैर सूचना के 17 मार्च को मुख्यालय में पुन: अनिश्चित कालीन गेट जाम धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान तेज धूप होने पर भी महिलाएं , बच्चे एवं बूढ़े डटे रहे । लगातार नारेबाजी एवं भाषण चलता रहा । इस दौरान बुड़बुड़ क्षेत्र के एक खातेदार के द्वारा अपनी पीड़ा को बताया गया की ऊंचाई पांच फीट से कम होने का आधार बनाकर मुझे मेडिकल अनफिट कर दिया गया है । एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के द्वारा भी 2015-16 में ग्राम बरकुटा के खातेदार बलराम सिंह कंवर को 5 फीट से कम ऊंचाई होने के कारण मेडिकल अनफिट कर रोजगार के लिए अपात्र कर दिया था , परंतु परिवार सहित कोयला उत्पादन को बंद कर देने के बाद आनन फानन मे रोजगार प्रदान किया गया । प्रबंधन के अधिकारी केवल उत्पादन रोकने की स्थिति में ही किसी निर्णय पर सकारात्मक स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

## मुखौटे जप्त

**कोरबा।** होली पर्व के मद्देनज़र आम नागरिकों की सुरक्षा, महिला सम्मान और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा व्यापक सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में चेहरा ढंकने वाले मुखौटों के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए कोरबा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 30 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए ब्न्हस्स् की धारा 106 के तहत 3000 से अधिक मुखौटे जप्त किए गए हैं।मुखौटे पहनकर लूट, छीना-झपटी, महिलाओं से छेड़छाड़ जैसी आपराधिक घटनाओं की संभावना को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।कोरबा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है ।

## भारतीय सेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों में भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की गई है जिसका भारतीय सेना की बेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जनरल / तकनीकी / क्लर्क / ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक आवेदक 12 मार्च 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। जिसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2025 निर्धारित है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा बताया गया है कि इस बार अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा। जिसकी जून 2025 में ऑनलाइन परीक्षा होने की संभावना है। आवेदक अधिक जानकारी एवं समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क कर सकते है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर की जाती है। इस हेतु अभ्यर्थियों से किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के बहकावे या प्रलोभन में नहीं आने का आग्रह किया गया है।

## होली मिलन समारोह आयोजित

**कोरबा।** कोरबा अंचल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह रंगों और उल्लास का विशेष पर्व 14 मार्च 2025, शुक्रवार को निवास रानी, रोड धनुवार पारा, कोरबा में मनाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार समारोह का आयोजन सुबह 9: 30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन कोरबा नगर निगम के पूर्व महापौर जोगेश लांबा के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस उत्सव में सम्मिलित होकर रंगों, प्रेम और भाईचारे के इस पर्व को मिलकर मनाएं।

# श्री श्याम महोत्सव की भव्य छटा, महापौर ने किए दर्शन, भजनों में झूमे भक्त

कोरबा। कोरबा अंचल के सीतामणी क्षेत्र में स्थापित श्री सप्तदेव मंदिर में आयोजित श्री श्याम जी की बारस फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम बना। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन और मंदिर महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस भव्य आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कोलकाता की प्रसिद्ध कलाकार डॉली अग्रवाल और श्वेता अग्रवाल के संगीतमय ज्योत पाठ ने भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया, जिससे पूरा मंदिर परिसर श्री श्याम भजनों की गूंज से सराबोर हो गया।

इस अवसर पर कोरबा की नवनिर्वाचित नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत भी इस भव्य आयोजन में शामिल हुईं। उन्होंने भगवान श्रीश्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में लीन हो गईं। उन्होंने बताया कि महापौर चुने जाने से पहले उन्होंने श्रीश्याम से जीत का आशीर्वाद लिया था, जो पूरा होने पर वे दर्शन करने विशेष रूप से आईं। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा महापौर को चुनरी, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस महोत्सव की सबसे आकर्षक झलक फूलों की होली और महाआरती रही, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा से भगवान को 56 भोग अर्पित कर भक्तिमय वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष मन्नी अग्रवाल, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, लायंस क्लब ऑफ कोरबा के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, अशोक अग्रवाल, श्रीकांत बुधिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्री सप्तदेव मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख अशोक मोदी ने सनातन धर्म और भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ई-ऑफिस कार्यशाला का हुआ आयोजन

### डिजिटल प्रणाली से कार्यालयीन कार्यों में आएगी तेजी

कोरबा। जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में आधुनिक पद्धति से कार्य संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कोरबा के सभाकक्ष में एक दिवसीय ई-ऑफिस कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जिला सूचना अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से ई-ऑफिस प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। श्री जायसवाल ने बताया कि ई-ऑफिस के तहत ई-फाइल प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे शासकीय कार्यों में गति, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से नस्तियों का संचालन त्वरित होगा, साथ ही समय और कागज की भी बचत होगी। ई-फाइल की ट्रैकिंग सरल होगी, जिससे यह पता लगाया जा सकेगा कि कोई फाइल कहां लंबित है।

### ई-ऑफिस प्रणाली की विशेषताएं

ई-फाइल क्रिएशन के लिए विंडोज 10 और स्कैनर अनिवार्य होगा। यूनिकोड फॉन्ट में ही टाइपिंग की जाएगी, कृति देव फॉन्ट का उपयोग नहीं किया जाएगा। फेयर ई-फाइल हरे रंग की होगी और इसे डिलीट नहीं किया जा सकेगा। ई-फाइल में आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए जा सकेंगे और इसे अधिकारी के ई-साइन या डिजिटल साइन से प्रमाणित किया जाएगा। इस कार्यशाला में ट्रांसफॉर्मेशनल जर्नी, फाइल मैनेजमेंट सिस्टम, नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम और आउटकम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे प्रशासनिक कार्यों में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा मिलेगा।

## होली पर्व के अवसर पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आगामी होली पर्व पर 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समय अवधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें आदि बंद रखने के आदेश दिए हैं।कलेक्टर ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 14 मार्च को होली पर्व के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.3 बार एवं मद्य भण्डागार को उक्त शुष्क अवधि में पूर्णत: बंद रखे जाने के आदेश दिए है।

## प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दी होली की शुभकामनाएं

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने होलिका दहन एवं फागुन त्यौहार (होली) रंग उत्सव की प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा, होली रंगो तथा हँसी-खुशी का त्यौहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है, इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को अबीर, गुलाल लगाकर बधाईयां देते हैं। होली भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्यौहार है, जो आज विश्व भर में मनाया जाने लगा है।

# छुरीकला में भाजपा का लहराया परचम

### हीरानंद पंजवानी निर्विरोध उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित

**कोरबा ।** कोरबा जिले के छुरीकला में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संगठनात्मक शक्ति और जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा की सटीक रणनीति के तहत छुरीकला नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसमें भाजपा पार्षद हीरानंद पंजवानी को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। यह जीत न केवल भाजपा के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है, बल्कि जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा की कुशल नेतृत्व क्षमता और संगठन की मजबूती का भी प्रमाण है। छत्तीसगढ़ में भाजपा लगातार अपनी जमीनी पकड़ मजबूत कर रही है और इस प्रक्रिया में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। छुरीकला नगर पंचायत चुनाव में उनकी रणनीति पूरी तरह सफल रही, जिससे विपक्ष को कोई मौका ही नहीं मिला। यह निर्वाचन भाजपा संगठन की एकजुटता, अनुशासन और निर्णायक नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पद्मनी प्रितम देवांगन, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, छुरी नगर पंचायत प्रभारी डॉ. आलोक सिंह, कटघोरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चावलानी सहित कई अन्य नेता शामिल थे। इन नेताओं ने हीरानंद पंजवानी को शुभकामनाएं दीं और भाजपा संगठन की इस जीत को ऐतिहासिक बताया। यह निर्विरोध निर्वाचन भाजपा की मजबूत संगठनात्मक शक्ति और विपक्ष की निष्क्रियता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा की अगुवाई में पार्टी ने यह साबित कर दिया कि भाजपा न केवल संगठित है बल्कि लगातार अपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत कर रही है। आने वाले चुनावों में यह जीत भाजपा के लिए और अधिक संभावनाएं खोल सकती है। छुरीकला नगर पंचायत में भाजपा का यह शानदार प्रदर्शन आने वाले समय में राजनीतिक समीकरणों को और अधिक स्पष्ट कर सकता है। यह विजय भाजपा संगठन की दूरदर्शिता और रणनीतिक कौशल का परिणाम है, जिससे आने वाले चुनावों में भाजपा की राह और अधिक मजबूत होती दिखाई दे रही है।

## जिले में ट्राई साइकिल वितरण शिविर हुआ आयोजित

**कोरबा ।** कोरबा जिले में संचालित आसरा (छठोदेवी मेमोरियल सेवा संस्थान) द्वारा सिद्धि वाटिका, गोपालपुर में ट्राई साइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल दिव्यांगजन के लिए सहारा बना, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और भी मजबूत कर गया।

इस कार्यक्रम में कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, कटघोरा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, पोड़ी जनपद के उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह जाखड़, पूर्वांचल विकास समिति के जिलाध्यक्ष आर.ए. पांडेय, पार्षद अजय कुमार चंद्रा, राधा महंत, सुखविंदर सिंह कौर, किशन कैवर्त्त, फिरत साहू, प्रीति शर्मा, लक्की नंदा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने जिला अस्पताल में वाटर फ्रिज व फल का वितरण किया

**कोरबा ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कोरबा द्वारा आज जिला अस्पताल में सभी मरीजों को फल जूस व मरीज को पीने के लिए वाटर फ्रिज का वितरण किया गया भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन राम सिंह अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश बगड़िया के उपस्थिति में रेड क्रॉस सोसाइटी के मेंबर मोहम्मद शफी द्वारा दान स्वरूप तीन फेज वाटर फ्रिज जिसमें सामान्य, ठंडा तथा गर्म पानी देने वाला वाटर फ्रिज जिसकी कीमत 47000 है तथा सभी मरीजों को फ्रूट जूस आदि का वितरण किया गयावाटर फ्रिज का लोकार्पण डॉक्टर गोपाल कंवर ने किया। इस अवसर पर डॉ गोपाल कंवर ,राम सिंह अग्रवाल, राजेश बगड़िया ,विनोद कुमार सिन्हा, हाजी अखलाक खान, राजीव सिंह ,मोहम्मद वसीम खान, राकेश दास,एस एल जयसवाल, रेशम कुर्रे, रंजय कश्यप , नीरज मिश्रा, रूपेश उराव, सुमित विश्वास, विक्की जायसवाल, रूपेश साहू आदि उपस्थित थे

## मंत्री निवास में होली मिलन कल

**कोरबा।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के कोहड़िया स्थित निवास में 14 मार्च की सुबह 9 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। प्रति वर्ष की भांति मंत्री श्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह में अधिक संख्या में कार्यकर्ता और आम जन मानस शामिल होंगे। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा विधानसभा, कटघोरा विधानसभा, सभी उपनगरीय क्षेत्र समेत जिले के कार्यकर्ताओं को होली मिलन समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है

# एसईसीएल का ओबी हुआ 336 मिलियन क्यूबिक मीटर-20 दिन पहले हासिल किया वार्षिक लक्ष्य

### गत वर्ष की तुलना में 32.37 मिलियन क्यूबिक मीटर की वृद्धि की गयी दर्ज

**कोरबा ।** एसईसीएल का चालू वित्त वर्ष 24-25 में ओबीआर 336 मिलियन क्यूबिक मीटर के आंकड़े को पार कर गया है। इसके साथ ही कंपनी ने इस वित्त वर्ष का लक्ष्य 20 दिन पहले ही हासिल कर लिया है और इस वित्त वर्ष अपने इतिहास का सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर है।

पिछले वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने 321 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था जोकि कंपनी की स्थापना के बाद से सर्वाधिक ओबीआर रहा था। लेकिन चालू वित्त-वर्ष कंपनी ने 20 दिन पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में एसईसीएल ने 32.37 मिलियन क्यूबिक मीटर की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। कंपनी द्वारा ओबी हटाने में नयी तेज़ी लायी गयी है और औसतन 10-11 लाख क्यूबिक मीटर ओबी प्रतिदिन हटाया जा रहा है और इस वित्त वर्ष में कंपनी ओबीआर में अपने पुराने सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए नए रिकॉर्ड की ओर अग्रसर है। एसईसीएल ने अपने मेगा प्रोजेक्ट्स में ओवरबर्डन हटाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल, ब्लास्ट-फ्री वर्टिकल रिपर तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दे रहा है। इसके अलावा, एसईसीएल ने उत्पादन बढ़ाने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाई है तथा चालू वित्त वर्ष 2024-25 कंपनी द्वारा 760 भू-स्वामियों को रोजगार प्रदान किया गया है

# होली पर्व से पूर्व पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**कोरबा ।** कोरबा जिले के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा नगर में कटघोरा पुलिस व प्रशासन द्वारा होली और रमजान त्योहार सहित आगामी पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आगामी त्यौहारों को देखते हुए भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही त्यौहार के दौरान लोगों से शांति बनाए रखने अपील की गई। जिले के कई अन्य क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस व प्रशासन की टीम ने शांति और भाईचारे से त्योहार मनाने की निर्देश दिए।

फ्लैग मार्च में चार पहिया वाहनों के साथ कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, कटघोरा पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ-साथ तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार धनेश्वर चंद्रा ने भी भाग लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य शहर में सुरक्षा का संदेश देना और असामाजिक तत्वों में भय पैदा करना था, जिससे नागरिक निर्भीक होकर अपने त्यौहारों को मना सकें।

पुलिस व प्रशासन का फ्लेग मार्च कटघोरा थाना से प्रारंभ हो नगर के शहीद वीर नारायण चौराहा, जयस्तंभ चौक से न्यू बस स्टैंड तक गया। नगर में शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने लोगों से अपील की। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि कटघोरा नगर में शांति बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। होली, ईद और अन्य त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस मुस्तैदी से तैनात रहेगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि आम नागरिक निश्चिंत होकर त्यौहारों का आनंद ले सकें। कटघोरा वासियों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और विश्वास जताया कि यह सुरक्षा उपाय आगामी त्यौहारों को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## अनुशासनहीनता के आरोप में जिले के 4 नेता भाजपा से 6 वर्षों के लिए निष्कासित

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी ने कोरबा जिला संगठन में अनुशासन तोड़ने के आरोप में सख्त कार्यवाही करते हुए जिले के 4 नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। यह आरोप उन नेताओं पर लगाया गया, जिन्होंने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़कर अनुशासनहीनता की।

प्रदेश भाजपा कार्यालय से जारी आदेश संख्या 2609, 2610, 2611 और 2612 के तहत, अरविंद भगत, कृष्णा राजपूत, चंद्रकांता राजपूत और मोनिका भगत को तत्काल प्रभाव से पार्टी से बाहर कर दिया गया। इन सभी नेताओं पर कोरबा जनपद पंचायत चुनाव में पार्टी लाइन के विरुद्ध जाकर बगावत करने का आरोप हैं। जानकारी के अनुसार भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जगदीश राम रोहड़ा ने यह आदेश जारी किया। आदेश में साफ तौर पर कहा गया कि अनुशासन भंग करने वालों को भाजपा में कोई स्थान नहीं मिलेगा।

इस निष्कासन को भाजपा की आंतरिक सख्ती और अनुशासनप्रियता के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी ने यह साफ कर दिया है कि जो भी संगठन की नीतियों से हटकर व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को तरजीह देगा, उसे पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। यह फैसला भाजपा में अनुशासन कायम रखने के लिए लिया गया है।

## पूर्व मंत्री अग्रवाल का होली मिलन कार्यक्रम



**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल के निज सहायक सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष भांति इस वर्ष भी अग्रसेन भवन के सामने शांति निवास पर 14 मार्च शुक्रवार को प्रात: 08.30 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा वासियों को आमंत्रित करते हुए कहा है कि उत्साह और उमंग के इस पर्व में कोरबावासी सामाजिक एवं व्यक्तिगत बुराईयों की तिलाजंलि देकर तथा होली के मनोहारी रंगों को जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे।

# अपशिष्ट प्रबंधन व साफ-सफाई का जायजा लेने एस.एल.आर.एम.सेंटर व सी.एण्ड डी.वेस्ट प्लांट पहुंचे नगर निगम के आयुक्त पाण्डेय

**कोरबा ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रात: भ्रमण के दौरान साफ-सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन व व्यवस्थाओं का जायजा लेने एस.एल.आर.एम.सेंटर, सी.एण्ड डी.वेस्ट प्लांट व शहर के विभिन्न स्थलों पर पहुंचे। उन्होने सेंटरों का सघन रूप से निरीक्षण किया, कचरा प्रबंधन कार्यो व सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा तथा निगम के सभी सेंटरों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 व गारवेज फ्री सिटी के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने, सेंटरों की साफ-सफाई व ब्यूटीफिकेशन तथा कचरा प्रबंधन से जुड़े सभी आवश्यक कार्यो को त्रुटिरहित रूप से संपादित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहाँ उल्लेखनीय है कि अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय लगभग प्रतिदिन अधिकारियों की टीम के साथ सुबह-सुबह शहर का दौरा कर नगर की स्वच्छता, साफ-सफाई कार्यो, प्रगतिरत निर्माण कार्यो सहित निगम से जुड़ी शहर की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी नजर आने लगे हैं। इसी कड़ी में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ कोसाबाड़ी जोन, रविशंकर नगर जोन व टी.पी.नगर जोन के विभिन्न स्थलों का दौरा कर साफ-सफाई कार्यो, प्रगतिरत निर्माण व विकास कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर तथा आरामशीन स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे, उन्होने सेंटरों का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया व कचरा प्रबंधन से जुड़े विविध कार्यो को देखा। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम के सभी एस.एल.आर.एम.सेंटरों में स्वच्छ



सर्वेक्षण 2024 एवं गारवेज फ्री सिटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, सेंटरों की स्वच्छता व वहाँ के ब्यूटीफिकेशन के साथ-साथ अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े सभी कार्यो पर विशेष फोकस करें।मुड़ापार बाजार व सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण - आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय मुड़ापार बाजार पहुंचे, उन्होने बाजार के नवीन कंस्ट्रक्शन के कार्यो का निरीक्षण किया तथा किए जा रहे कार्यो का कार्य के स्टिमेट के साथ मिलान करने के साथ ही स्टेबिलिटी टेस्ट कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने वहाँ की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, व्यवस्थाओं को देखा तथा व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी व नियमित साफ-सफाई हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय मुड़ापार स्थित सार्वजनिक शौचालय, पम्प हाउस स्थित सार्वजनिक शौचालय तथा स्टेडियम के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया, वहाँ पर निगम द्वारा कराए जा रहे मरम्मत कार्यो की कार्यप्रगति का अवलोकन किया तथा तीन दिवस के अंदर कार्य को पूरा करते हुए शौचालय की समस्त व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।सी.एण्ड डी वेस्ट प्लांट का निरीक्षण - यहाँ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम द्वारा शहर से उत्सर्जित सी.एण्ड डी.वेस्ट के समुचित समापन व प्रबंधन हेतु टी.पी. नगर जोन अंतर्गत सी.एण्ड डी.वेस्ट प्लांट स्थापित कराया गया है, जहाँ पर शहर से एकत्रित सी.एण्ड डी.वेस्ट का उचित प्रबंधन व समापन किया जाता है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने सी.एण्ड डी.वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया, वेस्ट प्रबंधन की कार्यप्रक्रिया को देखा तथा प्लांट संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशा अधिकारियों को दिए।मुख्य मार्गो से प्रात: 08 बजे के पूर्व कचरे का उठाव कराएं - भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कोसाबाडी जोन, पं.रविशंकर शुक्ल जोन व टी.पी.नगर जोन के विभिन्न स्थानों, मुख्य मार्गो, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों के साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मार्गो से प्रात: 08 बजे से पूर्व अनिवार्य रूप से कचरे का उठाव सुनिश्चित कराएं, यदि इसमें ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार की कोताही की जाती है तो अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कमिश्नरों व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे साफ-सफाई कार्यो पर सतर्क नजर रखें तथा स्वच्छता कार्यो की लगातार मानीटरिंग करें। उन्होने कहा कि निगम में उपलब्ध समस्त आवश्यक संसाधनों का सफाई कार्यो में उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य किए जाएं। निर्माणकर्ता निर्माण स्थलों पर अनिवार्य रूप से ग्रीन नेट लगाएं - आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्माणकर्ताओं, आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि उनके द्वारा किए जाने वाले निर्माण, भवन निर्माण आदि के दौरान निर्माण स्थलों पर अनिवार्य रूप से ग्रीन नेट लगाएं, नियमों में इसका प्रावधान है, साथ ही ग्रीन नेट न लगाने पर अर्थदण्ड का प्रावधान भी नियमों में किया गया है, अत: नियमों का पालन करते हुए ग्रीन नेट अवश्य लगाएं। उन्होने कहा है कि निर्माण के दौरान उत्सर्जित होने वाले सी.एण्ड डी.वेस्ट के उचित प्रबंधन हेतु निगम के संबंधित जोन कमिश्नरों जोन इंजीनियरों से संपर्क कर सी.एण्ड डी.वेस्ट को निगम के सी.एण्ड डी.प्लांट में दें।इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर्स भूषण उरांव, ए.के.शुक्ला, एन.के.नाथ, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सुनील टांडे, गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, सोमनाथ डेहरे, अभय मिंज, स्वच्छता निरीक्षक सचिन्द्र थवाईत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने तीन दिन में सिविल सर्जन को हटाने का दिया आश्वासन

**जांजगीर-चांपा।** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को हटाने का मामला की राजधानी तक गूंज रही है। स्वास्थ्य मंत्री के बुलावे पर जिला अस्पताल के डाक्टर्स व स्टाफ राजधानी पहुंचे। जहां स्वास्थ्य मंत्री ने तीन दिन के अंतर्गत सिविल सर्जन को हटाने का आश्वासन दिया है। मंत्री के आश्वासन के बाद डॉक्टरों अपना ओपीडी बहिष्कार को समाप्त कर दिया है। अब काम पर लौट गए है। साथ ही बुधवार को राज्य स्तरीय जांच टीम द्वारा सभी डॉक्टरों व स्टॉफ का बयान लिया गया। साथ ही तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौपी जाएगी। जिला अस्पताल जांजगीर और बीडीएम चांपा के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों ने सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल को हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब इसकी गूंज राजधानी तक हो गई। राजधानी तक मामला पहुंचने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल संयुक्त संचालक के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है। जांच टीम बुधवार को जिला अस्पताल पहुंची। सभी डाक्टर्स सहित स्टाफ का बयान लिया गया। इसके बाद तीन दिन के अंतर्गत जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी। सीडा के अध्यक्ष व जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इकबाल हुसैन ने बताया कि मंगलवार रात 11 बजे स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक हुई। उन्होंने सभी से अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि आप सभी को हड़ताल में जाने के पहले सीधे मुझसे मिलना चाहिए था। जिस पर डॉक्टरों ने कहा कि कलेक्टर व सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा था। सभी ने कहा कि सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के अधीन कार्य नहीं कर सकते। 100 बिस्तर के जिला अस्पताल में 200 से अधिक मरीज भर्ती रहते हैं। इतने सालों से अपनी क्षमता से कहीं अधिक कार्य रहे हैं, स्टाफ तो बढ़ाया नहीं जा रहा है। उल्टा गैर जिम्मेदार और कामचोर साबित किया जा रहा है। महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। महिला स्टॉफ, डॉक्टर एवं कर्मचारियों ने भी अपनी व्यथा सुनाई। स्वास्थ्य मंत्री ने फिर स्वास्थ्य सचिव को कॉल करके जांच समिति स्वास्थ्य मंत्री आश्वासन पर काम पर लौट गए हैं। जिले के सभी स्वास्थ्य संघों का कहना है कि 3 दिन बाद न्याय नहीं मिलता है तो संपूर्ण जिले में चरणबद्ध कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

रिपोर्ट मात्र 3 दिन सबमिट करने कहा। साथ ही विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी के साथ न्याय होगा। मांग रखी कि जांच चलने तक सिविल सर्जन को पद से हटाया जाए सिविल सर्जन सबको यही जताते हैं कि मैं स्वास्थ्य मंत्री का भतीजा हूं, इसलिए में सिविल सर्जन बना हूं और किसी का कहीं भी ट्रांसफर करवा सकता हूं। इस पर मंत्री ने कहा कि वो मेरा रिश्तेवार नहीं, बल्कि आप सभी हमारे स्वास्थ्य रूपी परिवार का हिस्सा हैं. आप सभी मेरा परिवार हैं।

## वार्डों में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

**शिवरीनारायण ।** नगर पंचायत शिवरीनारायण के विभिन्न वार्डों में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ नगर के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। वार्ड पार्षदों की टीम ने नगर के वार्डों में घूमकर अवैध शराब की बिक्री करने वालों को चेतावनी दी है कि नगर के किसी भी वार्ड में अवैध शराब की बिक्री करते पाए जाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पार्षदों की टीम सबसे पहले वार्ड नंबर 01 पहुंची, जहां उन्होंने वार्ड में अवैध शराब की बिक्री करने वालों को एक जगह बुलाकर सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी होली पर्व में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। शराब बेचने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी नगर के सभी वार्डों में शराब की बिक्री पर रोक रहेगी। पार्षदों की टीम लगातार हर वार्डों में घूमकर निगरानी करेगी। पार्षदों ने अवैध शराब की बिकी करने वालों के खिलाफ जानकारी देने वाले को एक हजार रुपए नगद देने की घोषणा की है। पार्षदों की टीम ने वार्ड क्रमांक 01, 09, 14 में घूमकर लोगों को एकत्रित कर अवैध शराब के नुकसान के संबंध में जागरूक किया और वार्ड में शराब बेचने वालो के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही।

# ट्रैफिक में 4-4 इंस्पेक्टर, फिर भी जिले में यातायात बदहाल

## हर रोज जा रही सड़क पर लोगों की जान

**जांजगीर ।** जिले की ट्रैफिक व्यवस्था बना पाने यातायात पुलिस नाकाम है। रहने को विभाग मैं चार-चार इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर सहित 30 से अधिक आरक्षक व प्रधान आरक्षक तैनात हैं, लेकिन शहर में यातायात व्यवस्था बना पाने में यातायात पुलिस नाकाम साबित हो रहे हैं। बीते ढाई महीने की बात करें तो तकरीबन 20 लोगों से अधिक लोगों की जान सड़क पर चली गई है। इधर लोगों को आवागमन के लिए जागरूक करने के लिए लोगों को पांप्लेट वितरण कर रही और वाहनों में स्टीकर चिपकाने का काम कर रही है। जबकि करना यह चाहिए कि वाहनों में चार सवारी वाले वाहनों को रोकना चाहिए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं की जाती। यही वजह है कि आए दिन ऐसे वाहन चालक भारी वाहनों की चपेट में आते हैं और दुर्घटना के शिकार होते हैं। इससे मौके पर बाइक चालकों

**चार दिशाओं में चार टीम, केवल वसूली पर जोर**

यातायात पुलिस वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के लिए चार टीम बनाती है और चारों दिशाओं में निकल पड़ती है। टीम के द्वारा वाहन चालकों को समझाइश देने के बजाए बिना कागजात के भारी वाहन चालकों से अवैध वसूली कर चलता कर देती है। इनका चालान भी नहीं काटा जाता। यातायात टीम के द्वारा केवल अपनी जेब भरने का काम किया जाता है। हद तो तब हो जाती है जब सभी कर्मचारियों का खुद का मोबाइल फोन पे स्केनर साथ होता है। यदि किसी के पास नकदी नहीं होता तो वे फोन पे पर भी रिश्वत लेते हैं।

## लायंस क्लब जांजगीर के सदस्यों ने बच्चों को रंग,गुलाल,पिचकारी, टोपी,मुखौटा का वितरण कर उनके साथ मनाया होली

**जांजगीर चांपा।**

सेवाभावी संस्था लायंस क्लब जांजगीर के सदस्यों ने सारथी मोहल्ले के 100 से अधिक बच्चों के मध्य रंग,गुलाल,पिचकारी,बाजा,टोपी,मुखौटा,चॉकलेट,बिस्कुट,चिप्स आदि का वितरण कर होली पर्व मनाया। इस अवसर पर उपस्थित चार्टर अध्यक्ष देवेश सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है,यह त्यौहार सौहाद्र बढ़ाता है,इसलिए मिलजुलकर यह त्यौहार मनाना चाहिए । लायंस अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है,प्यार,खुशियों और दोस्ती का पर्व,खुशियां बाटने से बढ़ती है,बच्चों के साथ होली मनाना एक सुखद अनुभूति है ,बच्चों की मुस्कान देखने से आत्मसंतुष्टि का अनुभव हुआ ।इस अवसर पर लायंस क्लब जांजगीर से अध्यक्ष लायन राजेश पालीवाल,चार्टर अध्यक्ष लायन देवेश सिंह,सचिव लायन धीरज जैन,लायन डॉ परस शर्मा,,लायन ब्रजेश गौरहा,कोषाध्यक्ष लायन रिकेश अग्रवाल,लायन नमिशा थवाईत ,लायन आदि उपस्थित थे ।

## देश हित के लिए जीना एवं मरना सौभाग्य की बात: प्रसाद

**देवरी-सारागांव।** ग्राम कुम्हारीकला के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अपनी सेवा के दौरान शहीद मनोज कुमार बरेठ की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई। सुकमा के तोगपाल में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राण मातृ भूमि की सेवा में अर्पित कर दिए थे वह सीआरपीएफ 80 बटालियन के वीर जवान रहे इस शहादत दिवस में समस्त ग्रामवासी आसपास के राष्ट्रभक्ति कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।

विवेकानंद प्रसाद सहायक कमांडेंट बिलासपुर अशोक कुमार इंस्पेक्टर बिलासपुर एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सिपाहियों की उपस्थिति रही। समस्त ग्रामवासी गणमान्य नागरिक एवं पास ही के विद्यालय के बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि उपरांत शहीद मनोज कुमार के परिजनों का सम्मान किया गया उनके माता पिता, पत्नी, भाई रमेश कुमार बरेठ उदबोधन में अरविंद तिवारी ने कहा

गौरव का पल है एवं आदरांजलि का रिन हमें सदैव याद रहे रहना चाहिए। अशोक कुमार ने कहा सभी को यह दिन याद रखते हुए मन में देशभक्ति भावना रखना है। विवेकानंद प्रसाद ने कहा देश हित जीवन जीना एवं देश हित प्राणोत्सर्ग सौभाग्य की बात होती है। हम देश की सीमा सरहद एवं अंतरिक सुरक्षा में लगे होते हैं हम सभी परिस्थितियों में डटे रहते हैं हम चाहते हैं कि शहीद की शहादत अनुकरणीय है। एक दिन 11 मार्च को श्रद्धांजलि देने शहीद मनोज कुमार जी की प्रतिमा स्मारक के स्थान पर उन्हें आदरांजलि देते हैं। यह प्रेरणा का दिवस भी है, हम अपने भारत माता की सेवा में सदैव लगे रहे और आगे भी देश सेवा में अपने बच्चों को प्रेरित करें।

## होली त्यौहार को लेकर फिर जागा खाद्य सुरक्षा विभाग

**जांजगीर-चांपा।** होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम एक बार फिर जागृत हुई है। टीम ने होटल रेस्टोरेंट एवं मदिरा दुकानों की जांच पड़ताल की। इस दौरान 91 खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया है। जिनमें से जांच के दौरान 7 खाद्य पदार्थ अमानक पाया गया, जिस पर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ एक्सपायरी सामान पाए जाने पर उसे नष्ट भी कराया गया है। गौरतलब है कि रंगों का त्यौहार होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाया जाएगा इसके पूर्व होली त्यौहार को लेकर कई दुकानदार होटल रेस्टोरेंट एवं मदिरा दुकानों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कर दे रहे हैं। जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा होटल रेस्टोरेंट किराना दुकान एवं अन्य संस्थाओं की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ऐन वक्त पर टला जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव

**सक्ती।** जनपद पंचायत सक्ती में 12 मार्च को आयोजित अध्यक्ष - उपाध्यक्ष का चुनाव एन मौके पर टल गया। दरअसल चुनाव को लेकर पहुंचे सदस्यों को सुबह 11 बजे यह पता चला कि जनपद पंचायत सक्ती मे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारी अस्पताल में भर्ती है, इसलिए चुनाव टल गया है। खास बात यह है कि इसके पूर्व भी यहां चुनाव की तिथि विलंब से घोषित हुई थी।

जनपद पंचायत सक्ती में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव टलते जा रहा है। सक्ती जिले के चार जनपद में से तीन जनपद पंचायत में 4 मार्च को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का सव हो गया है। तब यहां चुनाव की चुनाव थी। सूत्रों की माने तो संख्या बल के जोड़ घटाव के फेर में तिथि परिवर्तित हो रही है। हालांकि अफसरों का अपना अलग ही तर्क है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बहुमत का जादुई आंकड़ा प्राप्त करने

भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दल के लोग लगे हुए हैं। बताया जाता है कि एक पार्टी ने जनपद सदस्यों को गोवा की सैर कराई, तो दूसरी ने अन्य स्थान पर सैर सपाटे के लिए भेजा था। राजनीतिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पाले में 14 एवं भाजपा के पाले में 10 सदस्य बताए जा रहे है। बहरहाल स्थिति चाहे जो भी हो लेकिन पीठासीन अधिकारी के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 12 मार्च को आयोजित चुनाव स्थगित कर दी गई है और कलेक्टर अमृत टोपनो ने नई तारीख रविवार 23 मार्च को फिर से चुनाव कराने का आदेश जारी किया है। अबकी बार चुनाव अधिकारी एसडीएम सोम एवं सह प्रभारी नायब तहसीलदार को नियुक्त किया गया है।

**किया गया है स्थगित**

***पीठासीन अधिकारी का एक्सीडेंट होने के कारण चुनाव स्थगित किया गया है। नए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए हैं। 23 तारीख को चुनाव कराया जाएगा।***

***अमृत टोपनो, कलेक्टर, जिला सक्ती***

## स्व सहायता समूहों की महिलाएं फूल और भाजी का उपयोग कर बना रही हर्बल गुलाल

### कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत में सजा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल का स्टॉल

### जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने खरीदी गुलाल

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हर्बल गुलाल तैयार कर उसे कलेक्टोरेट व जिला पंचायत सहित ग्राम पंचायतो व जनपद पंचायतो में स्टॉल में लगाया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में लगाये गये स्टॉल में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदी कर नागरिकों से अपील की है कि स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर महिला समूहों का मनोबल बढ़ाएं। इसी प्रकार जनपद पंचायत अकलतरा में लगाये गये स्टॉल में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी ने स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये हर्बल गुलाल खरीदा। इसके साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने भी गुलाल खरीदकर समूहों का उत्साह बढ़ाया।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में स्व सहायता समूहों द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा। यह गुलाल समूह की महिलाओं द्वारा गुलाब, गेंदा, चांदनी, रातरानी के फूल, टेशू के फूल सहित त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाने वाली पत्तियों सहित पालक, लाल भाजी का उपयोग करते हुए तैयार की जा रही है। जिसे स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ग्राम पंचायत के हाट बाजार से लेकर कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जनपद पंचायत में स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जा रही है। जिससे वे रसायनिक रंगों से



होने वाली हानि से भी बचा रही हैं और स्वरोजगार को मजबूती बनाते हुए आगे बढ़ रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पहुंचने वाले नागरिकों का कहना है कि इस बार की होली हर्बल गुलाल से खेलेंगे।

गुलाब और चुकंदर से लाल, तो पालक से हरा गुलाल स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि गुलाबी, हरा, नीला, आसमानी, संतरा सहित कई रंग के गुलाल महिलाओं द्वारा दिन-रात मेहनत करते हुए तैयार किये गये हैं। इन गुलालों में गेंदा फूल, गुलाब फूल, पलाश के फूल, पालक, चुकंदर, लाल भाजी आदि का उपयोग किया गया है। महिलाओं के द्वारा पिछले दो सप्ताह से गुलाल की तैयारी कर रही है। फूलों का सुखाकर उसके बाद पीसकर फिर छानकर गुलाल को कड़ी मेहनत के बाद तैयार किया गया हैं।

## आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र 01 भाठापारा (बगडबरी) एवं भाठापारा (पाँच) 02 में सहायिका पद हेतु 24 मार्च 2025 तक कार्यालयीन समय में सीधे पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण क्रमांक :-
202412050400058
मामले की श्रेणी-बी-121 वर्ष 2024-25
ग्राम- पताढ़ी, पहंदा, खोड्डल, प.ह.नं.29
एवं कटबितला प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदन प्राधिकृत अधिकारी, कोरबा पावर लिमिटेड पता प्रोजेक्ट ऑफिस ग्राम पताढ़ी पो. आ. तिलकेजा जिला कोरबा 495674 के द्वारा पत्र क्रमांक/Adm/KPL/2024-25/209 दिनांक 15.10.2024 के माध्यम से कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) संयंत्र ग्राम पताढ़ी के प्रभावित ग्राम पताढ़ी, पहंदा, खोड्डल ढनढनी, सरगबुंदिया, कटबितला एवं अन्य जिला कोरबा पर स्थित है। जिसके प्रतिषिद्धि (संरक्षित) स्थान घोषित करने का आवेदन प्रस्तुत कलेक्टर महो. के समक्ष पेश करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है।प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव अभिलेख दुरूस्त किया जाता है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 28/03/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**


## 40 साल के बाद आंख की जांच अस्पताल में कराना जरूरी

**नवागढ़।** मोतियाबिंद दृष्टि को चोरों की तरह चुरा लेता है ग्लूकोमा आंखों की बीमारी है जिसमें आंखों की रोशनी एक बार चली जाती है तो उसे दोबारा लौटा नहीं सकते हैं। इस बीमारी में आंखों की नस अर्थात - आप्टिक नर्व में छती पहुंचती है जिसका मूल कारण आंखों के अंदर का बढ़ता हुआ दबाव है। विश्व भर में ग्लूकोमा सप्ताह मार्च के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेश साहू के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर चांपा डॉक्टर वंदना सिसोदिया के दिशा निर्देश पर विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर नवागढ़ में ग्लूकोमा दिवस मनाया गया, डॉ नरेश साहु ने कहा प्रारंभिक अवस्था में ग्लूकोमा का कोई लक्षण नेत्र में दिखाई नहीं पड़ता है इसलिए 40 साल के उम्र बाद आंख का जांच अस्पताल में करना अनिवार्य है। नेत्र सहायक अधिकारी रामगोपाल आदिले ने कहा हमारे छत्तीसगढ़ के 2 करोड़ की जनसंख्या में एक अनुमान के अनुसार लगभग ढाई लाख की संख्या में मोतियाबिंद से पीड़ित है। जिसमें लगभग 39 हजार जनता पूर्ण रूप से मोतियाबिंद के कारण अंधत्व का शिकार हो चुकी है इसलिए इस भयंकर सामूहिक समस्या से निजात पाने के लिए हर छ:महिने में प्रारंभिक जांच अस्पताल जाकर अपना नेत्र परीक्षण अवश्य कराना चाहिए। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के सीनियर नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती अंबिका कांत, डां. विशाल खन्ना, योगेश तिवारी, चेतना साहु, नर्सिंग सिस्टर मंजूला आसना, लक्ष्मी नारायण पांडेय, कामिनी सिदार, कविता सिदार, नंदकुमार बनर्जी, बहोरीक पंकज, शशीप्रभा लदेर, रितु यादव एवं बड़ी संख्या में मरीज उपस्थित थे।


**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**

No.33-41/PUR/Tender/2024-25/5887 Korba ,Date 12.03.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited under domestic competitive bidding from contractors for following work:-

| Sl. No | Tender No. | Particulars of works | EMD (Refundable) | Time Due date of submission |
|---|---|---|---|---|
| 1. | No. 33-41/ Pur/ Tender/ 24-25/5887 Korba, Date 12.03.2025 | Tender for hiring of 01 No. Vehicle Type -II TATA-207 Category (1.7-2.2 T Capacity) for Breakdown & line maintenance work of Pondimar Zone under EE EE (City) Dn., CSPDCL, Korba for the period of 03 years. | 15770.00 | 12:00 PM on 02.04.2025 |

1-Note : Tender will be opened at 12.00 PM on 02.04.2025.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF AND NATION

Executive Engineer (City) Dn
CSPDCL, Korba

S-43209/2


## अंतिम पात्र सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर द्वारा विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके तारतम्य में सहायक ग्रेड-3 एवं लिपिक कुर्क (संविदा) कोर्ट मैनेजर स्टाफ के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की पृथक-पृथक सूची जारी कर 1 मार्च तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया किया गया था।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

कोसाबाड़ी जोन

फा.क्र./222, 223,224 एवं 225/निर्माण (कोसाबाड़ी जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 10.03.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 26.03.2025 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 26.03.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 20 अंतर्गत आरा मशीन मोहल्ला में सामुदायिक भवन और सांस्कृतिक मंच का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,30,000/- | 4,000/- |
| 2. | वार्ड क्र. 20 कांशीनगर अंतर्गत न्यू मधु स्वीट के पीछे सी.सी. रोड एवं नाली मरम्मत तथा नाली में स्लैब लगाने का कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,94,000/- | 4,000/- |
| 3. | वार्ड क्र. 21 में शिव शंकर के घर से सुन्दरलाल राठौर के घर तक और के.के.पाण्डेय के घर से आजम अली के घर तक नाली एवं सी.सी.रोड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,91,000/- | 4,000/- |
| 4. | वार्ड क्र. 21 अंतर्गत गौरी चौहान के घर के पास नाली का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,96,000/- | 4,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**


# होली पर्व की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने की चाक चौबंद व्यवस्था, बनाए गए चेक प्वाइंट





**चांपा।** आज दिनांक 13.03.2025 को रात्रि में होलिका दहन एवं दिनांक 14.03.2025 को होली का त्यौहार जिले भर में मनाया जावेगा। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला के निर्देशन में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुये 05 उप पुलिस अधीक्षक, 12 निरीक्षक, 10 उप निरीक्षक, 34 सहायक उप निरीक्षक, 48 प्रधान आरक्षक एवं 191 आरक्षक/महिला आरक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

होली का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण संपन्न हो, इसे हेतु जिले के थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत फिक्स पाईंट चिन्हांकित किया गया है, जिसमें जांजगीर क्षेत्रांतर्गत में 14, नैला में 03, चांपा में 09, बलौदा में 04, अकलतरा में 06, शिवरीनारायण में 04, मुलमुला में 02, पामगढ़ में 02, नवागढ़ में 03, बिर्रा में 03, बम्हनीडीह में 02, सारागांव में 02, पंतोरा में 01 कुल 55 फिक्स पाईंट बनाकर पर्याप्त मात्रा में बल की ड्यूटी लगाई है।

**पुलिस पेट्रोलिंग की उचित व्यवस्था**

पुलिस पेट्रोलिंग हेतु जांजगीर में 03, नैला में 02, चांपा में 02, अकलतरा में 02, मुलमुला में 02, बलौदा में 02, पामगढ़ में 02, शिवरीनारायण में 02, नवागढ़ में 02, बम्हनीडीह मे 01, बिर्रा में 01, सारागांव में 01, पंतोरा में 01 कुल 23 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो क्षेत्र में निर्धारित बीट के अनुरूप सघन रूप से पेट्रोलिंग करेगें।

**चीता स्क्वायड की व्यवस्था**

पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों में विशेष निगाह एवं उन पर नियंत्रण हेतु चीता स्क्वाड के रूप में भी बल तैनात किया गया है, जिसमें जांजगीर में 05, नैला मे 03, चांपा में 05, अकलतरा में 05, शिवरीनारायण में 03, बलौदा में 01, नवागढ़ में 01, पामगढ़ में 01 कुल 25 चिता पार्टी को तैनात किया गया है।

साथ ही होली का पर्व सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा के द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति का गठन कर, शांति समिति की बैठक लेने, असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा सौहाद्रपूर्ण त्यौहार मनाने, कड़ी चौकसी रखने के निर्देश दिये गये है।

**जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से अपील**

1. होली पर्व सौहाद्रपूर्ण मनाये,
2. किसी के उपर जबरिया रंग न डाले, न ही जबरिया चन्दा वसूल नहीं करें।
3. मुखौटे धारण कर किसी प्रकार अप्रिय हरकत न करें।
4. हानिकारक पदार्थों जैसे पेन्ट, किचड़, ग्रीस, मैला आदि का उपयोग न करें न ही अनचाहे रंगों का उपयोग करें।
5. नशापान न करें न ही अश्लील शब्दों का प्रयोग करें।
6. महिलाओं पर छिटाकशी न करें।
7. दुपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठें, न ही शराब पीकर/नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन चलावें।
8. हरे-भरे वृक्षों की कटाई या शासकीय/सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति को होली में न जलायें।
9. होलिका दहन के पूर्व होलिकोत्सव समिति का गठन कर होलिका दहन निर्धारित समय पर करें।
10. किसी प्रकार आपसी, पुरानी, रंजिस को लेकर होली के बहाने ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हो।

## बाइक सवार को टक्कर मारकर ट्रेलर चालक फरार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक सड़क हादसे में PIL प्लांट के असिस्टेंट मैनेजर की मौत हो गई। भोजपुर मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए।



चांपा थाना क्षेत्र की घटना है। मृतक की पहचान बोड़सरा निवासी अजित कुमार साहू (22) के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह 6 बजे अजित अपनी शिफ्ट की ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

**घटना की जांच में जुटी पुलिस**

सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेज दिया है। ट्रेलर वाहन को जब्त किया गया है, परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। चांपा पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से परिजन सदमे में हैं।

## अनमोल वचन......

**पवित्रता, धैर्य तथा प्रयत्न के द्वारा सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं।**

# डॉनल्ड ट्रंप के आक्रामक लहजे

*चीनी दूतावास ने कहा- अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य, तो हम अंत तक लडऩे को तैयार हैं।' इस पर आक्रामक रुख अपनाते हुए अमेरिका ने कहा- हम शांति चाहते हैं, लेकिन युद्ध के लिए भी तैयार हैं। डॉनल्ड ट्रंप के आक्रामक लहजे ने दुनिया में समीकरण बदल दिए हैं, वहीं तनाव और आशंकाओं को पहले ज्यादा गहरा कर दिया है। बदले समीकरणों की सबसे साफ झलक यूरोप में देखने को मिली है, जहां विभिन्न देश इस हकीकत के रू-ब-रू हैं कि अब वे अमेरिका के सुरक्षा साये पर भरोसा नहीं कर सकते।*

*तो नव-उदारवादी नीतियों के तहत अपनाए गए राजकोषीय अनुशासन को अलविदा कहते हुए उन्होंने 500 बिलियन यूरो ऋण लेकर सशस्त्र तैयारी करने का इरादा जताया है। मगर तनाव का असल मोर्चा अलग है। ट्रंप ने चार मार्च से चीन पर टैरिफ की नई दर लागू की। कनाडा और मेक्सिको के साथ चीन पर भी उन्होंने मादक पदार्थ फेंटानील की अमेरिका में तस्करी में सहायक बनने का इल्जाम लगाया है। इस पर चीनी विदेश मंत्रालय ने कड़ा जवाब दिया। उसे टैग करते हुए वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने जो कहा, वह अपशकुन का संकेत है। दूतावास ने कहा-अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य, तो हम अंत तक लडऩे को तैयार हैं।'*

*इस पर आक्रामक प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेट ने कहा- जो शांति चाहते हैं (यानी अमेरिका), वे युद्ध के लिए भी तैयार रहते हैं। इसके पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट से वह दस्तावेज हटा दिया था, जिसमें एक चीन नीति' के प्रति अमेरिका की वचनबद्धता दर्ज थी। उधर ताइवान को नए हथियार देने की घोषणा भी ट्रंप प्रशासन ने की है। चीन इस पर भड़का हुआ है। गौरतलब है, चीन की राय में ताइवान उसकी रेडलाइन है। बहरहाल, मुश्किल यह है कि ट्रंप प्रशासन ने ताइवान पर भी अपने चिप कारोबार के जरिए अमेरिका को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। वहां की मशहूर चिप निर्माता कंपनी टीएसएमसी को अमेरिका में 100 बिलियन डॉलर अतिरिक्त निवेश के लिए उसने प्रेरित किया है। इससे ताइवान में आशंकाएं गहराई हैं कि अमेरिका रणनीतिक रूप से उसे अप्रासंगिक करने की दिशा में बढ़ रहा है। यूक्रेन के प्रति अचानक बदली अमेरिकी नीति के कारण अमेरिका के दोस्त देशों का भरोसा वैसे भी डिगा हुआ है।*

## राशिफल

**मेष राशि**- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है, आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरूस्कार भी मिलेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बात करेंगे। आप उन्हें कहीं घूमाने भी ले जायेंगे।

**वृष राशि**- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ चल रही गलत फहमियां आज दूर हो जायेगी, रिश्ते में और मजबूती बढ़ेगी। आज परिवार वालों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें, सफलता मिल सकती है।

**मिथुन राशि**- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ज्यादातर समय दोस्तों के साथ बीतेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी समारोह में जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। इस राशि के लोगों का लवमेट के प्रति अन्य दिन की अपेक्षा अधिक झुकाव रहेगा। छात्रों को आज कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। आज आपको सावधानी से अपने सारे काम पूरे करने चाहिए।

**कर्क राशि**- आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आप जरूरतमंदों के लिए संवेदनशील रहेंगे। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएँ शुरू करना चाह रहे हैं, तो उनकी योजनाएं सफल रहेंगी। आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपको कई बड़े फायदे होंगे। इस राशि वाले स्टूडेंट्स को अच्छे परिणाम मिलेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन प्यार भरा रहेगा। अपनी ईमानदारी के कारण आपको जीवनसाथी और परिवारजनों का स्नेह प्राप्त होगा। आप अपनों को खुश करने के लिए उन्हें कुछ उपहार देंगे।

**कन्या राशि**- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके मन में कुछ नया करने का विचार आ सकता है। किसी अपने से धन की प्राप्ति हो सकती है। पारिवारिक खुशी का लाभ होगा। आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ज्यादा मेहनत करेंगे। आज आपको दूसरों की मदद करने का मौके मिलेगा।

**तुला राशि**- आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं। जीवनसाथी को कुछ अच्छा-सा गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आपके रूके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आपके सामने आई समस्याओं को आप आसानी से हल कर सकते हैं। इस राशि के लोगों को आज संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है।

**वृश्चिक राशि**- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप जिस भी काम को करेंगे उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। आपसे कई लोग मदद भी ले सकते हैं। आप लोगों को जरूरत के अनुसार ही सलाह दें। आपके विरोधी आपके काम में अड़चने डाल सकते हैं। बेहतर होगा कि अपने विरोधियों से दूरियां बनाकर रहें और आज सभी के साथ प्यार से पेश आएं।

**धनु राशि**- आज किसी बात को लेकर आपका मन उत्साहित रहेगा। आज आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका वैवाहिक जीवन पहले की अपेक्षा काफी खुशनुमा बना रहेगा। पूरी कोशिश करके आप परिवार वालों की जरूरतों को पूरा करेंगे। इस राशि की महिलाएं सौन्दर्य से संबंधित वस्तुओं पर पैसा खर्च कर सकती है। कुछ लोग फालतू बातचीत में आपका समय खराब कर सकते हैं।

**मकर राशि**- आज आपको व्यापार में अचानक फायदा होगा। आमदनी का नया सोर्स भी मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज आपको अच्छे कामों के लिए बधाई मिलेगी। आपकी सफलता दूसरों को प्रेरित करेगी। अपना मत बिना झिझक के सबके सामने रख सकते हैं, जो आपके लिए कारगर साबित होगा।

**कुंभ राशि**- आज आपका दिन घूमने-फिरने में बीतेगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। हो सकता है कि माता-पिता के साथ मंदिर जाने का प्लान भी बनाएं। किसी काम का समाधान आपको मिल सकता है। कार्यों में मित्रों का भी सहयोग मिलेगा। आपके कामकाज से अधिकारीवर्ग प्रसन्न रहेंगे।

**मीन राशि**- आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपको बेहतर सलाह मिलेगी। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। अपने जीवनसाथी के साथ अच्छे पल बिताएंगे। आपके कंधों पर एक से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जो आगे चलकर आपके मान-सम्मान में कारगर साबित होंगी।

# राजनीति में धनबल का असर

//अजीत द्विवेदी//

**इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में कुछ बड़े चुनाव सुधारों की जरुरत है। उनमें एक सुधार धनबल और बाहुबल के असर को रोकने का है। पिछले कई दशक से इसका प्रयास हो रहा है। परंतु मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की। राजनीति में धनबल का असर इतना बढ़ गया है कि करोड़पति होना अब चुनाव जीतने की पहली शर्त है। इसी तरह बाहुबलियों या दबंगों के चुनाव जीतने की संभावना दूसरे लोगों से ज्यादा होती है।**

अगर ऐसा नहीं होता तो जितने विवाद कुश्ती संघ के ब्रजभूषण शरण सिंह को लेकर हुए थे उन्हें देखते हुए वे हर पार्टी के लिए अछूत हो जाते। लेकिन भाजपा ने उनके बेटे करण सिंह को फिर भी टिकट दिया और उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बावजूद वे उस सीट से जीते, जहां से उनके पिता पिछले कई बार से जीत रहे थे।

ऐसी अनेक मिसालें देश के अलग अलग राज्यों की दी जा सकती है। तभी चुनाव की पवित्रता और लोकतंत्र की मूल भावना को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि बाहुबलियों या अपराधी छवि के लोगों को राजनीति में आने या चुनाव लडऩे से रोका जाए।

परंतु क्या इसका उपाय यह हो सकता है कि उनके चुनाव लडऩे पर कानूनी रोक लगा दी जाए। इस सवाल का जवाब होगा, नहीं! असल में जब भी राजनीति में अपराधी छवि या दागी छवि के लोगों की एंट्री की बात होती है तो आदर्शवादी लोगों की एक जमात हमेशा कहती है कि कानून बना कर इनके चुनाव लडऩे पर रोक लगा देनी चाहिए।

सोशल मीडिया में भी इस विरोधाभास की अक्सर चर्चा होती है कि जेल में बंद व्यक्ति को वोट डालने का अधिकार नहीं होता है लेकिन जेल में बंद व्यक्ति को चुनाव लडऩे का अधिकार होता है। इस विरोधाभास को समाप्त करने की जरुरत है।

परंतु कानूनी रूप से इसको रोकने के कई खतरे हैं। एक खतरा तो यही है कि जो भी सत्ता में होगा वह अपने विरोधियों को चुनाव लडऩे से रोकने के लिए किसी न किसी मामले में फंसा कर जेल में डाल सकता है। दूसरे, सक्रिय राजनीति करने वाले हर नेता पर किसी न किसी तरह का मुकदमा रहता है। धारा 144 के उल्लंघन से लेकर सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क रोकने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने आदि के मुकदमे अक्सर नेताओं के ऊपर दर्ज होते हैं।ऐसे राजनीतिक मामलों में भी उनको जेल में डाल कर चुनाव लडऩे से रोका जा सकता है। इन खतरों की वजह से ही यह मामला अभी तक टलता आ रहा है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर हुई है, जिसमें सजायाफ्ता नेताओं के चुनाव लडऩे पर स्थायी रोक लगाने की मांग की गई। भाजपा के नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व कानून दो साल या उससे ज्यादा की सजा पाने वाले दोषी व्यक्तियों को सजा की अवधि खत्म होने के बाद छह साल तक चुनाव लडऩे से रोकता है। जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा आठ के तहत यह प्रावधान है।

कोई नौ साल पहले दायर याचिका में इस धारा को चुनौती दी गई है और मांग की है कि दो साल या उससे ज्यादा सजा पाने वाले व्यक्तियों पर आजीवन चुनाव लडऩे की पाबंदी लगाई जाए।

इसमें यह भी कहा गया है कि नेताओं से जुड़े मामलों की जल्दी से जल्दी सुनवाई और फैसला हो। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी इस की गंभीरता को समझा और यह सवाल पूछा कि जिस तरह से सजा पाए लोगों के सरकारी नौकरी करने पर रोक है उसी तरह सजा पाए व्यक्ति के चुनाव लडऩे और जन प्रतिनिधि बनने पर भी रोक होनी चाहिए।अदालत ने यह भी कहा कि कानून तोडऩे के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को फिर से कानून बनाने की जिम्मेदारी कैसे दी जा सकती है। केंद्र सरकार ने इस मामले में बहुत साफ स्टैंड लिया है और कहा है कि चुनाव लडऩे पर स्थायी रोक लगाना ठीक नहीं है। सरकार ने धारा आठ के प्रावधानों का बचाव किया है और कहा है कि अभी जितनी रोक लगाई गई उतनी पर्याप्त है।इसके साथ ही सरकार ने यह भी कहा है कि सजा पाए लोगों के चुनाव लडऩे पर सीमित अवधि तक या स्थायी रोक लगाने का मामला विधायी है और इसमें किसी तरह का बदलाव करने संसद का विशेषाधिकार है।

तभी सवाल है कि क्या संसद में ऐसी कोई पहल हो सकती है कि सजायाफ्ता लोगों के चुनाव लडऩे पर आजीवन पाबंदी लगा दी जाए। इसकी संभावना कम है।

यह संभावना इसलिए कम है क्योंकि इसकी मिसाल बहुत कम है कि किसी नेता को उसके सक्रिय राजनीतिक जीवन काल में किसी मामले में सजा हो जाए और सजा की अवधि पूरी होने के बाद वह चुनाव लडऩे के योग्य रहे। ऐसे मामले अपवाद हैं।

हालांकि इसके आंकड़े भी सामने आ जाएंगे क्योंकि अदालत ने ऐसे मामलों का ब्योरा मांगा है, जिसमें चुनाव आयोग ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करके दोषी नेताओं को चुनाव लडऩे की मंजूरी दी है।

बहरहाल, आमतौर पर किसी आपराधिक या दीवानी मामलों में नेताओं को सजा नहीं होती है और अगर निचली अदालत से सजा होती है तो ऊपरी अदालत से उस पर रोक लग जाती है और जब तक ऊपरी अदालतों में फैसला होता है तब तक नेताओं का राजनीतिक जीवन समाप्त हो चुका होता है या निधन हो जाता है।

ऐसे मामले गिने चुने होंगे, जिनमें नेता को सजा हो गई, ऊपरी अदालत ने उस पर रोक नहीं लगाई या ऊपरी अदालत ने भी सजा कर दी और नेता सजा काट कर निकलने के छह साल बाद चुनाव लडऩे के योग्य हो।अगर कोई ऐसा नेता होता भी है तो आमतौर पर बड़ी पार्टियां उसको टिकट नहीं देती हैं। इसलिए ऐसे आपवादिक मामलों के लिए अलग से कानून बनाने की जरुरत नहीं समझी गई है। परंतु समस्या सिर्फ दोषी ठहराए गए नेताओं की नहीं है, जिनकी संख्या गिनी चुनी है। समस्या आपराधिक छवि के नेताओं से है, जो अपनी ताकत के दम पर सजा पाने से बचे रहते हैं और चुनाव लड़ कर जीतते भी रहते हैं। उनको रोकने के उपायों पर विचार होना चाहिए।

असल में यह कानून से ज्यादा राजनीतिक शुचिता का मामला है। राजनीतिक दलों और आम लोगों को भी इस बारे में सोचने की जरुरत है। कानून की बजाय अगर पार्टियां यह तय करें कि वे आपराधिक छवि के लोगों को टिकट नहीं देंगी तो अपने आप यह मसला हल हो जाएगा।

आखिर पार्टियां ही दागी या आपराधिक छवि वालों को टिकट देती हैं, बड़े नेता उनके लिए प्रचार करने जाते हैं और भारत में दलीय व्यवस्था इतनी मजबूत है कि आम मतदाता भी पार्टियों से अलग बहुत कम ही मामलों में मतदान के बारे में सोचता है।

कई बार पार्टियां जातीय समीकरण साधने या मतदाताओं पर असर के लिहाज से बाहुबली किस्म के नेताओं को टिकट देती हैं। नीतीश कुमार ने एक बार बिहार में कहा था कि बाघ के सामने बकरी नहीं लड़ा सकते हैं। यानी अगर एक पार्टी ने किसी बाहुबली या दबंग को टिकट दिया है तो बराबरी की लड़ाई सुनिश्चित करने के लिए दूसरे दलों को भी वैसे ही नेता उतारने पड़ते हैं।यह कानून के शासन के लिए शर्म और चिंता की बात होनी चाहिए। परंतु इसे एक सामान्य व्यवहार की तरह स्वीकार कर लिया गया है। इस मामले में पार्टियां पहल करें और आम लोग भी उसमें शामिल हों। जो राजनीति में शुचिता की जरुरत मानते हैं वे बाहुबलियों या दागी छवि वालों को चुनाव में उतारने का विरोध करें तो धीरे धीरे इससे मुक्ति मिल सकती है। कानून के जरिए इसे रोकने का उपाय मुश्किल है।

# एआई और महिला सशक्तिकरण: डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम

//सावित्री ठाकुर //

**आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।

विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29 प्रतिशत अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है।

'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

## तस्वीरों की दुनिया



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में जीवंत रंगों और खुशी के साथ बसंत उत्सव (होली) मनाते हुए एक महिला तस्वीर के लिए पोज देती हुई।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने पोर्ट लुईस में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन प्रदान किया।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना में होली समारोह के दौरान संबोधित किया।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून नगर निगम में होली अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान फोटो खिंचवाते हुए।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में विधानसभा में बजट पेश होने के बाद मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।

# महाराष्ट्र में मटन पर सियासत, नितेश राणे बोले- हिंदू धर्म में हलाल खाना मना है, विपक्ष हुआ हमलावर



**मुंबई, 13 मार्च [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने हलाल मीट के विकल्प के रूप में मल्हार सर्टिफिकेशन का समर्थन करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में हलाल खाना मना है। यह हिंदू धर्म का नहीं, बल्कि इस्लाम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वर्षों से केवल हलाल मीट खाने के लिए लोगों को मजबूर किया जा रहा है। लेकिन, हम इसका एक अच्छा विकल्प लेकर आए हैं। हलाल खाना इस्लाम धर्म में लिखा है। इसलिए, यदि कोई इस तरह का अच्छा विकल्प ला रहा है, तो मैं उनका समर्थन करता हूं।नितेश राणे ने अपने बयान में कहा था कि हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले कार्यकर्ता एकजुट होकर हिंदू समाज के लिए उनके अधिकारों के लिए मटन का एक अच्छा विकल्प लेकर आए हैं। सालों से यह मजबूर किया गया है कि केवल हलाल मटन ही खाना चाहिए। या तो हलाल खाओ, या आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। हम इसका एक अच्छा विकल्प लेकर आए हैं। हलाल खाना हिंदू धर्म में नहीं लिखा है, यह इस्लाम धर्म में लिखा है। इसलिए, अगर कोई इस तरह का अच्छा विकल्प ला रहा है, तो मैं उनका समर्थन करता हूं। विपक्षी नेताओं ने हिंदू मीट व्यापारियों के लिए मल्हार प्रमाणन पर महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे के बयान की आलोचना की। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने दावा किया कि एक मंत्री इस तरह की बात नहीं कर सकता। इससे यह संदेश जाता है कि मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। आगे बोले कि यदि कोई मंत्री दो धर्मों के बीच खाई पैदा कर रहा है तो सीएम को कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा विधायक संजय उपाध्याय ने नितेश राणे के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि हलाल के दौरान जो रसायन बनते हैं, वे शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। उपाध्याय ने कहा कि मुझे इस बात से कोई दिक्कत नहीं है कि कौन क्या खा रहा है, लेकिन अगर किसी को गलत तरीके से कुछ खिलाया जा रहा है, तो इस पर आपत्ति होनी चाहिए... हलाल के दौरान जो रसायन उत्पन्न होते हैं, वे हमारे शरीर के लिए हानिकारक हैं... मैं इस मामले में नितेश राणे का समर्थन करता हूं... चिकन और मटन की दुकान के पास लाइसेंस होना चाहिए।

## पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**शिवपुरी ।** शिवपुरी में होली के त्योहार और जुम्मे को लेकर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में बुधवार शाम शहर में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया।पुलिस ने पहले ही सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की हैं। फ्लैग मार्च माधव चौक से शुरू होकर मीट मार्केट, सईसपुरा, इंदिरा कॉलोनी, सिद्धेश्वर रोड, पुरानी शिवपुरी, नीलगर चौराहा, बड़ा बाजार, इमामबाड़ा और झांसी तिराहा होते हुए माधव चौक पर समाप्त हुआ।

## वोटर लिस्ट मामले में राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

**नया प्रस्ताव दिया, नियम 176 पर चर्चा कराने की मांग**



**नई दिल्ली।** मतदाता फोटो पहचान पत्र (इपिक) और वोटर लिस्ट में कथित हेर-फेर के मुद्दे पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दलों ने बुधवार को फिर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया।बाद में बात बनते न देख विपक्षी दलों ने उपसभापति से नियम 176 के तहत ही इस मुद्दे पर चर्चा कराने का प्रस्ताव दिया। हालांकि इसके बाद भी उपसभापति की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला तो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। बाद में वह सभी एक-एक कर सदन में लौट आए।राज्यसभा में बुधवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ, जब इपिक पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने के लिए नौ विपक्षी सदस्यों की ओर से दिए गए नोटिस को फिर खारिज कर दिया गया। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इस मुद्दे पर वह पहले ही स्थिति स्पष्ट कर चुके है, ऐसे में विपक्ष सदन की कार्यवाही में अवरोध न डाले।इस पर तृणमूल सांसद डेरेक ओ-ब्रायन ने कहा कि सदन की कार्यवाही को वह भी बाधित नहीं करना चाहते है लेकिन इपिक का मुद्दा इतना गंभीर है कि सदन में इस पर चर्चा जरूरी है। ऐसे में अगले सप्ताह नियम 176 के तहत ही इस मुद्दे पर चर्चा की मौका दिया जाए। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की भावना केवल चुनाव कराने में ही नहीं है, बल्कि चुनाव निष्पक्ष भी रहे इनमें भी है। गौरतलब है कि नियम 176 के तहत कोई भी सांसद सार्वजनिक अपने मुद्दे सदन में उठा सकता है। इसके बाद अन्य सांसद इस मुद्दे पर चर्चा करते हैं। इसके बाद संबंधित मंत्री की ओर से इस पर जवाब दिया जाता है।

## दो महिला पत्रकारों को सीएम रेड्डी की आलोचना करना पड़ा भारी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सीएम रेवंत रेड्डी की आलोचना करने पर दो महिला पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पत्रकारों पर यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक किसान का विवादास्पद वीडियो पोस्ट करने के आरोप में लगाया गया है। क्लिप में किसान ने कांग्रेस शासन में अपनी कठिनाइयों के बारे में बताया।तेलंगाना की दो पत्रकारों पल्स न्यूज के प्रबंध निदेशक पोगदादंडा रेवती और उसी चैनल की रिपोर्टर थानवी यादव को हैदराबाद पुलिस के साइबर अपराध प्रभाग ने बुधवार को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने और उसे बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके साथ एक तीसरे व्यक्ति - निप्पूकोडी नामक एक्स अकाउंट के उपयोगकर्ता को भी हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस की राज्य सोशल मीडिया इकाई के प्रमुख की शिकायत के बाद तीनों को हिरासत में लिया गया और उन पर अपमानजनक सामग्री प्रकाशित करने से लेकर संगठित अपराध और आपराधिक साजिश, नफरत फैलाने के लिए अफवाह फैलाने और शांति भंग करने जैसे गंभीर आरोप हैं।

## सीवेज ढांचे का सही ढंग से नहीं हो रहा इस्तेमाल, जलशक्ति मंत्रालय बोला- प्रोजेक्टों में देरी से नदियां हो रहीं प्रदूषित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि नदियों के प्रदूषण के मामले में स्थिति में सुधार आया है, लेकिन सीवेज इन्फ्रास्ट्रक्चर का पूरा इस्तेमाल न होने के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। जलशक्ति मंत्रालय की ओर से विगत दिवस राज्यसभा में बताया गया कि नदियों के प्रदूषण पर अपेक्षा के अनुरूप अंकुश न लग पाने के लिए घरों में सीवेज कनेक्शन की कमी और परियोजनाओं को पूरा करने में हुई देरी भी जिम्मेदार है।नदियों के प्रदूषण से जुड़े सवालों के जवाब में जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने सदन को बताया कि विभागों की ओर से रखरखाव और मरम्मत के कार्यों में दिखाया जाने वाला लचर रवैया भी इसके लिए उत्तरदायी है। हालांकि प्रदूषित नदियों पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण वाले हिस्सों में कमी आई है। 2018 में ऐसे खंडों की संख्या 351 थी, जो अब घटकर 311 रह गए हैं। इन 351 खंडों में 106 को स्थिति दुरुस्त हो जाने के बाद सूची से हटा दिया गया है। जबकि 74 में सुधार के प्रमाण मिले हैं। मंत्रालय के अनुसार नदियों की सफाई और उन्हें पुनर्जीवन देना एक सतत प्रक्रिया है। मुख्य रूप से यह राज्यों, केंद्र शासित क्षेत्रों और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी है। उन्हें ही घरेलू सीवेज और औद्योगिक कचरे को नदियों में जाने से पहले साफ करना है। एक अन्य सवाल के जवाब में चौधरी ने कहा कि सीपीसीबी ने 73 ऐसे उद्योगों को बंद करने का आदेश दिया है जो नदियों को बहुत अधिक प्रदूषित कर रहे थे।

# संभल ही नहीं, पूरे पश्चिमी यूपी में होली पर ढकी जाती हैं मस्जिदें, शाहजहांपुर में तो 67 मस्जिदों को किया गया कवर

**मेरठ, 13 मार्च [एजेंसी]।**

संभल ही नहीं, पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होली पर मस्जिदों को ढका जाता रहा है। होली पर शांति व्यवस्था कायम रखने के मकसद से संभल में बुधवार को जामा मस्जिद के पिछले हिस्से को तिरपाल से ढकवा दिया गया है। शहर की 10 अन्य मस्जिदों को भी गुरुवार तक ढका जाना है। शाहजहांपुर में लाट साहब के जुलूस निकलने को लेकर इस बार 67 मस्जिदों को ढकवा दिया गया है। यहां होली पर लाट साहब के दो जुलूस निकाले जाते हैं। बरेली में भी जुलूस मार्ग की सभी मस्जिदों को ढकवा दिया गया है। मस्जिदों के ढकवाने के पीछे अधिकारियों का मानना है कि कोई आसमाजिक तत्व शरारत न कर सकें।बरेली के आइजी रेंज डा. राकेश सिंह का कहना है कि शांति समिति की बैठक में आपसी सहमति से लिए गए फैसले के बाद जुलूस वाले मार्गों की मस्जिदों को ढकवा दिया गया है। संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली का कहना है कि मस्जिदों को तिरपाल से ढकवाना नई बात नहीं है। हर वर्ष ही ऐसा होता है। संभल में 2024 में भी मस्जिदों को ढकवाया गया था। संभल में होली के दिन 12 बजे के करीब चौपाई जुलूस निकाला जाता है। इस बार भी 14 मार्च को जुलूस निकाला जाएगा। इसके मार्ग में ही जामा मस्जिद का पिछला हिस्सा है। इस बार होली और जुमे की नमाज एक ही दिन है। लिहाजा जिले की 21 मस्जिदों पर शुक्रवार को लेखपाल के साथ पुलिस फोर्स की तैनाती का निर्णय लिया गया है। जामा मस्जिद के सर्वे के विरोध में 24 नवंबर, 2023 को हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद संभल में कड़ी चौकसी बरती जा रही है। हर जुमे को अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। होली और जुमे की नमाज एक दिन होने की वजह से नमाज भी ढाई बजे कराने का निर्णय लिया गया है।



एएसपी श्रीश्चंद्र ने बताया कि पूर्व की भांति दूसरे संप्रदाय के धार्मिक स्थलों को ढकवाया जा रहा है। गुरुवार तक सभी मस्जिदों को ढकवा दिया जाएगा।संभल के जामा मस्जिद में भी 14 मार्च को जुमे की नमाज ढाई बजे ही पढ़ी जाएगी। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली ने बुधवार शाम इसकी घोषणा की थी। जुमे और होली एक दिन होने की वजह से एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने धर्मगुरुओं से बात कर इस बार नमाज का समय ढाई बजे करने की घोषणा की थी।

## आतंकवादियों को भेज दिया जहन्नुम, पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक के 30 घंटे बाद पीएम शहबाज का बयान



**नईदिल्ली, 13 मार्च [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक के लगभग 30 घंटे के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का पहला बयान सामने आया है। शहबाज शरीफ ने लिखा है कि दर्जनों आतंकवादियों को जहन्नुम भेज दिया गया। पीएम शहबाज शरीफ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैंने मुख्यमंत्री सरफराज बुगती से बात की जिन्होंने मुझे जाफर एक्सप्रेस पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बारे में नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत कराया। पूरा देश इस नृशंस कृत्य से बहुत सदमे में है और बेकसूर लोगों की जान जाने से दुखी है। ऐसी बुजदिल हरकतें पाकिस्तान के अमन के मनसूबे को नहीं हिला पाएंगी। मैं शहीदों के परिवारों के लिए तह-ए-दिल से शोक जाहिर करता हूं। अल्लाह उन्हें जन्नत बख्शे और घायलों को जल्द सेहतमंद होने की दुआ दे। दर्जनों आतंकवादियों को जहन्नुम भेजा जा चुका है। पीएम शहबाज शरीफबलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को क्वेटा से पेशावर जा रही एक ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को बोलन दर्रे पर रोक दिया और यात्रियों को बंधक बना लिया।

इसके बाद पाकिस्तान सेना 30 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही थी। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बुधवार को कहा कि जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला और अपहरण के एक दिन बाद बलूचिस्तान में शुरू किया गया रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि वहां मौजूद सभी 33 आतंकवादी मारे गए हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने कहा, 11 मार्च को बोलन में आतंकवादियों ने दोपहर करीब एक बजे रेल की पटरी को निशाना बनाया और उसे विस्फोट से उड़ा दिया तथा जाफर एक्सप्रेस को रोक दिया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन में 440 यात्री सवार थे।

## रेलवे का नए नियम, ट्रेन में खाने की कीमतें और मेन्यू प्रदर्शित करना अनिवार्य लोकसभा में रेल मंत्री ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि ट्रेनों में यात्रियों को परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों का मेनू और मूल्य लिस्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य है। उन्होंने एक लिखित उत्तर में कहा कि यात्रियों की जानकारी के लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट पर सभी खाद्य पदार्थों का मेनू और दरें उपलब्ध हैं। सभी विवरणों के साथ मुद्रित मेनू कार्ड वेटरों के पास उपलब्ध कराए जाते हैं और यात्रियों को मांगने पर दिए जाते हैं।उन्होंने कहा कि पेन्ट्री कारों में भी रेट लिस्ट प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा, भारतीय रेलवे में खानपान सेवाओं के मेनू और शुल्क के बारे में यात्रियों को जागरूक करने के लिए, मेनू और शुल्क के लिंक के साथ यात्रियों को एसएमएस भेजना शुरू किया गया है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बिलासपुर-मनाली-लेह नई रेलवे लाइन की अनुमानित लागत 1,31,000 करोड़ रुपये है, जो कारगिल को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। बिलासपुर-मनाली-लेह लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

# सुवेंदु अधिकारी की हत्या करने की हो रही साजिश, भाजपा विधायक का बड़ा दावा



**कोलकाता।** बंगाल में विपक्षी भाजपा के विधायकों ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की 'फर्जी हिंदुत्व' वाली टिप्पणी के विरोध में राज्य विधानसभा से बहिर्गमन किया। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष के नेतृत्व में भाजपा के लगभग 25 विधायकों ने वॉकआउट के बाद विधानसभा के मुख्य द्वार के बाहर भी प्रदर्शन किया। हाल में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी समेत पांच भाजपा विधायकों के बजट सत्र से निलंबन के खिलाफ इस दिन विरोध स्वरूप सभी भाजपा विधायक काले कपड़े में विधानसभा पहुंचे थे।इस दौरान सिलीगुड़ी से विधायक शंकर घोष ने बड़ा दावा किया कि काले कपड़े पहने एक बाहरी व्यक्ति - जो संभवतः पुलिस की विशेष शाखा से संबंधित है या तृणमूल कांग्रेस का 'गुंडा' है - दीर्घा में मौजूद था। उन्होंने तृणमूल व राज्य सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा कि सुवेंदु अधिकारी की हत्या करने की साजिश रची जा रही है। घोष ने कहा कि दीर्घा में मौजूद अजनबी व्यक्ति ने भी काले कपड़े पहन रखे थे और वह खुद को भाजपा सदस्य बता रहा था। उन्होंने कहा कि जब उसे बाहरी व्यक्ति के रूप में पहचाना गया तो अध्यक्ष को उसके बारे में सूचित किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. वह अजनबी व्यक्ति भागने में सफल हो गया। उन्होंने कहा कि कौन गारंटी दे सकता है कि उसे किसी ऐसे व्यक्ति ने नहीं भेजा है, जिसका हमें नुकसान पहुंचाने का कोई गुप्त मंसूबा हो। घोष ने यह भी दावा किया कि दीर्घा में मौजूद अजनबी व्यक्ति से सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री सदन में मौजूद थीं। वहीं, विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों के विरोध प्रदर्शन में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी भी इसपर चिंता जताते हुए इसकी जांच की मांग की।वहीं, इस घटना को लेकर आइएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने भी विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि एक अनजान व्यक्ति विधानसभा परिसर के अंदर वीडियो बना रहा था और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सदस्य भी फोन का प्रयोग करने से कतराते हैं, लेकिन एक अनजान व्यक्ति बेखौफ होकर वीडियो बनाता रहा, यह वाकई में चिंता का विषय है।

## तेज रफ्तार कार ने राहगीरों को कुचला, चार की मौत, दो घायल

**देहरादून।** दून के राजपुर रोड पर एक बार फिर तेज रफ्तार कार काल बन गई। सड़क किनारे पैदल जा रहे श्रमिकों को बेकाबू कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे चार की मौके पर मौत हो गई, दो अन्य घायल हो गए। कार चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाने के साथ ही पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे चार श्रमिक राजपुर रोड पर पैदल घर जा रहे थे। साई मंदिर के पास उत्तरांचल अस्पताल के सामने मसूरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों श्रमिक कई फीट दूर छिटक कर जा गिरे और फिर कार पास में खड़ी एक स्कूटी से टकराई। स्कूटी पर बैठक दो अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। इसके बाद कार सवार वहां से शहर की ओर भाग गए।

# टेस्ट में पास हुई ASTRA, दुश्मन को हवा में ही मार गिराएगी ये मिसाइल, लड़ाकू विमान तेजस पर फिट होगी



**भुवनेश्वर, 13 मार्च [एजेंसी]।**

भारत ने रक्षा क्षेत्र में अपनी स्वदेशी ASTRA मिसाइल के नए वेरिएंट का सफल परीक्षण कर लिया है। यह मिसाइल परीक्षण एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने किया है। लड़ाकू विमान तेज से एलसीए एएफ एमके1 प्रोटोटाइप स्वदेशी अस्त्र बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (बीवीआरएएएम) दागकर परीक्षण किया गया। जो कि सफल रहा है। जानकारी के अनुसार, यह परीक्षण 12 मार्च को ओडिशा के चांदीपुर तट पर किया गया। परीक्षण के दौरान फायरिंग होने पर मिसाइल ने उड़ते हुए लक्ष्य पर सीधे प्रहार किया। इस प्रहार से लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।इतना ही नहीं, सभी उप-प्रणालियों ने सटीक प्रदर्शन भी किया। इसने मिशन के सभी मापदंडों और उद्देश्यों को पूरा किया।डीआरडीओ की ओर से डिजाइन और विकसित अस्त्र मिसाइल 100 किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। यह मिसाइल उन्नत गाइडेंस (मार्गदर्शन) और नेविगेशन क्षमताओं से लैस है, जिससे यह बेहद सटीकता के साथ अपने लक्ष्य को नष्ट कर सकती है। इस मिसाइल को पहले ही भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में शामिल किया जा चुका है।

आज इसके नए वेरिएंट का परीक्षण किया गया है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, एलसीए एएफ एमके1ए को वायुसेना को दिए जाने के बाद इसके नए संस्करण का यह सफल परीक्षण इस विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया है कि यह सफलता एडीए, डीआरडीओ, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों की एकीकृत टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

इसके साथ ही सीईएमआईएलएसी, डीजी-एक्यूए, आईएएफ और टेस्ट रेंज टीम के सहयोग का भी परिणाम है। बयान में यह भी कहा गया है कि इस मिसाइल के बेहतर प्रदर्शन को परखने (मूल्यांकन) के लिए आगे और भी परीक्षण करने की योजना बनाई गई है।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, आईएएफ, एडीए, एचएएल और परीक्षण में शामिल सभी टीमों को बधाई दी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने विभिन्न संगठनों और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों के प्रयासों की सराहना की है।

## यह शिक्षा नहीं... भगवा नीति है, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मामले पर केंद्र पर बरसे एमके स्टालिन



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भगवाकरण नीति कहा। स्टालिन ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य भारत के विकास के बजाय हिंदी को बढ़ावा देना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नीति तमिलनाडु की शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की धमकी देती है। तिरुवल्लूर में स्टालिन ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा नीति नहीं है। यह भगवाकरण की नीति है। इस नीति को भारत के विकास के लिए नहीं बल्कि हिंदी के विकास की खातिर बनाया गया है। यह नीति तमिलनाडु की शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से तबाह कर देगी। इस वजह से नीति का विरोध कर रहे हैं। सीएम स्टालिन ने कहा, हम आपसे टैक्स में हिस्सा मांग रहे हैं। इसे हमने चुकाया है। इसमें क्या समस्या है। क्या 43 लाख स्कूलों के कल्याण के लिए धन जारी किए बिना धमकी देना उचित है। चूंकि हमने एनईपी को स्वीकार नहीं किया, इसलिए वे तमिलनाडु के लिए धन जारी करने से इनकार कर रहे हैं। अगर यह सभी को शिक्षा के दायरे में लाता तो हम इस योजना का स्वागत करते। मगर क्या एनईपी ऐसी ही है। एनईपी में वे सभी कारक हैं... जो लोगों को शिक्षा से दूर रखते हैं। इस वजह से नीति का विरोध कर रहा हूं। तमिलनाडु राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के त्रिभाषा फॉर्मूले का विरोध कर रहा है। प्रदेश सरकार ने इसके बहाने हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। सीएम स्टालिन का तर्क है कि नीति क्षेत्रीय भाषाओं पर हिंदी को प्राथमिकता देती है। इससे राज्य की स्वायत्तता और भाषाई विविधता कम होगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने दो-भाषा नीति अपनाई है। इसमें तमिल और अंग्रेजी प्राथमिक भाषाएं हैं।

स्टालिन ने आगे कहा कि अगर कोई राज्य सरकार अच्छा काम कर रही है तो केंद्र सरकार को उसका समर्थन करना चाहिए। मगर क्या यह केंद्र सरकार ऐसा कर रही है। उन्हें जलन हो रही है कि तमिलनाडु अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्हें चिढ़ है कि डीएमके तमिलनाडु की रक्षा कर रही है। यही वजह है कि वे बाधाएं पैदा करने और हमें हर तरह से नीचा दिखाने में लगे हैं। क्या हम यह देखकर चुप रह सकते हैं।...स्टालिन ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक बदला लेने और तमिलनाडु के विकास को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि राज्य विभिन्न योजनाओं को लागू करने में अग्रणी रहा है और पिछले तीन वर्षों में इसने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# आखिर क्यों होलिका दहन की राख को घर ले जाया जाता है?

## होलिका दहन पर रहेगा भद्रा का साया, जानिए मुहूर्त और पूजन विधि

हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि भद्रा के दौरान किसी भी शुभ कार्य को नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज हम आपको होलिका दहन का मुहूर्त, तिथि और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है। वहीं इसके अगले दिन धुलंडी मनाई जाती है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते हैं और होली खेलते हैं। इस बार यानी की साल 2025 में होलिका दहन का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होने वाला है। क्योंकि इस बार भद्रा की वजह से होलिका दहन के लिए निर्धारित समय में कुछ जरूर बदलाव हो सकते हैं। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि भद्रा के दौरान किसी भी शुभ कार्य को नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होलिका दहन का मुहूर्त, तिथि और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

### शुभ मुहूर्त

इस बार होलिका दहन का समय 13 मार्च की रात 11.26 मिनट से लेकर 14 मार्च की रात 12:30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में इस समय के बीत होलिका दहन करना शुभ होगा। क्योंकि भद्रा काल 11:26 मिनट तक रहेगा। इसलिए इसके बाद होलिका दहन करना शुभ होगा।

**भद्रा का प्रभाव**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक भद्रा काल के समय कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। क्योंकि इसको नकारात्मक प्रभाव से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन इस बार भद्रा काल की वजह से होलिका दहन का समय सीमित हो जाएगा। इसलिए 13 मार्च की रात को 11.26 मिनट के बाद का समय सबसे उपयुक्त होगा।

### पूर्णिमा तिथि

पूर्णिमा तिथि की शुरूआत- 13 मार्च, गुरुवार सुबह 10.35 बजे

पूर्णिमा तिथि की समाप्ति- 14 मार्च, शुक्रवार दोपहर 12.23 बजे

### पूजन विधि

सबसे पहले गाय के गोबर से होलिका और प्रह्लाद की मूर्ति बनाकर थाली में रख लें।

अब थाली में फूल, मूंग, नारियल, बताशे, कच्चा सूत,रोली, अक्षत, साबुत हल्दी, फल, और एक जल से भरा कलश रखें।



फिर भगवान नरसिंह का ध्यान करें और रोली, चंदन, पांच प्रकार के अनाज और फूल आदि होलिका में अर्पित करें।

**कच्चा सूत लेकर होलिका की सात बार परिक्रमा करें।**

सनातन धर्म में होली का त्योहार का विशेष महत्व है। होलिका दहन को शुभता और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। क्या आप जानते हैं कि घर में होलिका दहन की राख क्यों ले जाते हैं और इसके पीछे के क्या नियम है, आइए आपको बताते हैं।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होली का पर्व मनाया जाता है।

होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। छोटी होली को होलिका दहन होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलिका दहन का त्योहार सुख-समृद्धि और व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियों को दूर करता है। यदि आपके जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, तो होलिका दहन के दिन आप होलिका दहन के दिन होलिका अग्नि की पूजा और परिक्रमा लगाने से उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। अब आपको बताते हैं होलिका दहन की राख को घर ला सकते हैं। आइए इस लेख में आपको बताते हैं।

### अग्नि की राख को घर लेकर आ सकते हैं?

होलिका दहन के बाद इसकी राख को अपने घर में लेकर जरुर आना चाहिए। इस राख को बेहद ही पवित्र माना जाता है।

होलिका की राख घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। होलिका की राख को घर के दक्षिण-पूर्व कोने में रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं। अगर घर में कोई बीमार है। तो होलिका की राख को उसके सिरहाने रखने से रोग मुक्ति होती है। होलिका की राख को कपड़े में बांधकर घर के गुप्त स्थान पर रखने से बुरी नजर से बचाव होता है।

### होलिका की राख को घर में रखने के नियम

होलिका अग्नि की राख को सही दिशा और स्थान पर रखने से लाभ होते हैं।

होलिका की अग्नि को राख को घर के किसी कोने में रख सकते हैं। होली की राख को घर के मुख्य द्वार के पास रख सकते हैं।होलिका की राख को ज्यादा दिन तक घर में नहीं रखना चाहिए, कुछ दिनों के बाद इसे किसी पवित्र जगह जैसे पेड़ के नीचे या नदी में विसर्जित कर देना चाहिए।

# इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए बैंगन घर लाने से पहले एक बार जान लें ये बात

बैंगन कई लोगों को पसंद होता है. इस बैंगनी रंग की सब्जी में स्वादिष्ट स्वाद के साथ-साथ कई गुण भी होते हैं. इसे भर्ता या सब्जी के रूप में खाएं, यह हर तरह से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है. हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बैंगन नहीं खाना चाहिए क्योंकि यह उनके लिए खतरनाक साबित हो सकता है. कई बार डॉक्टर भी गर्भावस्था के दौरान बैंगन खाने से बचने की सलाह देते हैं क्योंकि आमतौर पर इसका सेवन एमेनोरिया और प्रीमेंस्ट्रुअल डिसऑर्डर के इलाज के लिए किया जाता है.

बैंगन उन सब्जियों में से एक है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है. यह कई पोषक तत्वों से भरपूर है और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है. लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि बैंगन को कुछ खाद्य पदार्थों के साथ मिलाकर खाने से शरीर को नुकसान हो सकता है. आइए जानें कि बैंगन के साथ कौन से खाद्य पदार्थ नहीं खाना चाहिए और किसे नहीं खाना चाहिए...

बैंगन में फोलेट, मैग्नीशियम, पोटेशियम, विटामिन बी 3, बी 6, बीटा कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे कई



पोषक तत्व होते हैं. इसमें अधिक मात्रा में फाइबर होता है. फाइबर की उच्च मात्रा के कारण पेट जल्दी भरा हुआ महसूस होता है. इसके साथ ही यह अतिरिक्त वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है. इसके अलावा, बैंगन ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि बैंगन को कुछ खाद्य पदार्थों के साथ नहीं खाना चाहिए...

* कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि बैंगन खाते समय दूध पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है. दूध और बैंगन को एक साथ पचाना मुश्किल होता है. इससे कब्ज, पेट दर्द और अन्य पाचन समस्याएं हो सकती हैं. दूध पीने से, विशेषकर बैंगन युक्त भोजन खाने के बाद, पाचन क्रिया खराब हो सकती है तथा असामान्य लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं.

* बैंगन की प्रकृति गर्म होती है, जबकि दही की प्रकृति ठंडी होती है. इन दो विरोधी गुणों को एक साथ खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. हालांकि, इस बात पर कोई पूर्ण प्रमाण तो नहीं है, लेकिन कुछ शोध बताते हैं कि बैंगन को दही के साथ नहीं खाना चाहिए.

* कई लोगों को भोजन के बाद चाय पीने की आदत होती है. लेकिन बैंगन खाने के तुरंत बाद चाय पीने से शरीर की आवश्यक पोषक तत्वों को अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है. चाय एक टैनिन-समृद्ध पेय पदार्थ है, जो बैंगन में मौजूद लौह तत्व को ठीक से अवशोषित नहीं कर पाता. इससे एनीमिया की समस्या हो सकती है.

* लाल मांस को पचाने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है. इसी तरह बैंगन भी फाइबर से भरपूर होता है, इसलिए दोनों को एक साथ खाने से पेट में अपच की समस्या हो सकती है. इससे पेट में सूजन और अप्राकृतिक गैस की समस्या हो सकती है.

किसे बैंगन नहीं खाना चाहिए?

1.एनीमिया से पीड़ित लोगों के लिए बैंगन शरीर में लौह के अवशोषण को कम कर सकता है.

2.एलर्जी की समस्या- बैंगन कुछ लोगों के लिए त्वचा की समस्याएं, चकत्ते और श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है.

3.किडनी की समस्याएं.. बैंगन में मौजूद कुछ पदार्थ किडनी की पथरी की समस्या को और बढ़ा सकते हैं.

4.आंखों में जलन वाले लोग- अगर आपकी आंखों में किसी भी तरह की समस्या है और जलन या सूजन है, तो बैंगन का सेवन न करें.

5.बवासीर से पीड़ित लोग- अगर आप बवासीर से पीड़ित हैं तो बैंगन का सेवन न करें क्योंकि इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है.

बैंगन स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है. हालांकि, अगर इसका सेवन सही तरीके से नहीं किया जाए तो कुछ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इसलिए, बैंगन खाते समय उपरोक्त निर्देशों का पालन करना स्वास्थ्य के लिए उचित है...

## बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से कितनी देर सोना चाहिए



बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी है. अगर बच्चे सही से सोते हैं तो उनका दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है और उनका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है. वह एक्टिव भी रहते हैं. हालांकि, कई माता-पिता यह नहीं जानते कि उनके बच्चों को दिन में कितनी देर सोना चाहिए. क्योंकि बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को कम या ज्यादा समय तक सुलाते हैं. ऐसे में यह जानना जरूरी है कि बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से कितनी देर सोना चाहिए. खबर के माध्यम से जानते हैं कि बच्चों को कब और कितनी देर तक सोना चाहिए...बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार से कितनी देर सोना चाहिए नवजात शिशु (0-3 महीने): नवजात शिशुओं को भरपूर नींद की जरूरत होती है. उन्हें दिन में 14 से 17 घंटे सोना चाहिए. यह नींद सिर्फ दिन और रात में ही आती है, और सिर्फ थोड़े समय के लिए. नवजात शिशु जितना ज्यादा सोते हैं, वे उतने ही स्वस्थ होते हैं. शिशु (4-12 महीने): इस उम्र के बच्चों को 12 से 16 घंटे की नींद लेनी चाहिए. दिन में 2 से 3 बार छोटी-छोटी झपकी लेना जरूरी है. अच्छी नींद बच्चों के तेज़ी से विकास में मदद करती है. छोटे बच्चे (1-2 वर्ष): बच्चों को प्रतिदिन 11 से 14 घंटे सोना चाहिए. इस उम्र में दिन में उचित नींद लेना आवश्यक है. इस उम्र के बच्चों को भी अधिक नींद की जरूरत होती है. प्रीस्कूलर (3-5 वर्ष): इस आयु के बच्चों को 10 से 13 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है. इस आयु में कई बच्चों को दिन में नींद आना कम हो जाता है. हालांकि, पर्याप्त नींद लेना महत्वपूर्ण है. स्कूल जाने वाले बच्चे (6-12 वर्ष): इन बच्चों को प्रतिदिन 9 से 12 घंटे सोना चाहिए. आपको रात को जल्दी सोने और सुबह समय पर उठने की आदत डालनी चाहिए. इससे बच्चे का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है.

## बॉडीकॉन आउटफिट में कहर ढा रहीं प्रज्ञा जैसवाल, लेटेस्ट तस्वीरें देखकर हो जाएंगे फिदा



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड और सिजलिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स से सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। प्रज्ञा जैसवाल की लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ग्रीन कलर का बॉडीकॉन शॉर्ट आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -353

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे** 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 352 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |



## खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आ सकती हैं मल्लिका शेरावर्त

अभिनेत्री मल्लिका शेरावत को पिछली बार राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब खबर आ रही है कि मल्लिका जल्द ही रोहित शेट्टी का स्टंट पर आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में नजर आएंगी। वह इस शो का हिस्सा बनने को लिए काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, मल्लिका स्टंट पर आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में बतौर प्रतियोगी भाग लेने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने हाल ही में अभिनेत्री से संपर्क किया था और इस सीजन में दिलचस्पी दिखाई है।

## सू- दोकू क्र.353

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 352 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना सहित सभी जिपं सदस्यों ने ली पंचायत राज्य अधिनियम के तहत कार्य करने की शपथ








**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के नवनिर्वाचित पदधारियों का कार्यभार ग्रहण समारोह एवं प्रथम सम्मिलन का आयोजन आज जिला पंचायत के ऑडिटोरियम परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित सभी सदस्यों ने पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्य करने की शपथ ली। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सबसे पहले महात्मा गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने सबसे पहले शपथ ग्रहण किया उसके बाद उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, श्रीमती शिव कुमारी, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता गोंड, राजेश कुमार साहू एवं सुरेश कुमार सिंह ने भी पदीय कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। इस आयोजन में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह, सोनहत जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सोनपाकर, नगरपालिका शिवपुर के अध्यक्ष अरुण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे सहित जिले के गणमान्य नागरिक देवेंद्र तिवारी , संजय सिंह कमरों, कृष्ण बिहारी जायसवाल, पंकज गुप्ता सहित अन्य प्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व अधिकारी-कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## एक्शन मोड में विद्युत विभाग, बिजली बिल के बकाया हैं 49 करोड़ रुपए, वसूलने पहुंच रहे डोर-टू-डोर



**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में बकाया 49 करोड़ बिजली बिल वसूलने डोर टू डोर बिजली कर्मचारी पहुंचने लग गए हैं। जो बाहर लगे मीटर का मोबाइल ऐप से ऑनलाइन बकाया बिल की जांच कर दरवाजा खटखटाते हैं और कनेक्शन काटने की चेतावनी देकर बिल पटाने समझाइश दे रहे हैं। बैकुंठपुर शहरी एरिया में जहां 6 करोड़ रुपए तो ग्रामीण एरिया में 9 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। बिल वसूली में विभागीय कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं। वहीं उपभोक्ताओं को विभाग की ओर से किश्तों में बिल पटाने की छूट दी गई है, इसके बाद भी उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है। बता दें कि कोरिया जिले में कमर्शियल, घरेलू और कार्यालय भवनों में करीब 49 हजार कनेक्शन लगे हैं। इसमें करीब 49 करोड़ बिल बकाया है। हालांकि, बिजली कंपनी पिछले 3-4 महीने से बकाएदारों को अल्टीमेटम दे रही है। इसमें 4 करोड़ से अधिक सरकारी कार्यालयों के बिल बकाया है। वहीं घरेलू बकाएदार बिजली बिल पटाने में आनाकानी कर रहे हैं। मामले में बिजली कंपनी बकाया वसूली करने अभियान चलाने फरमान जारी किया है। गर्मी से पहले बिजली कर्मचारी रोजाना अलग-अलग मोहल्ले में दर्जनों कनेक्शनधारियों के घर पहुंच रहे हैं। खासकर नगरीय निकायों में वसूली अभियान को तेज कर दिया गया है।

बिजली कर्मी मंगलवार को भट्ठीपारा एरिया में डोर टू डोर पहुंचकर बकाया बिल भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने चेतावनी दी। साथ ही दर्जनों कनेक्शन काट गए। अभियान में बीपीएल कनेक्शनधारी तुरंत या हर महीने नियमित रूप से पटा रहे हैं। बड़े कनेक्धारियों के अधिक बकाया बिल है। बिजली कंपनी के अनुसार अत्यधिक बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं को किश्तों में पटाने की छूट दे रखी है। बावजूद उपभोक्ता बिल पटाने में उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली कंपनी ने हर महीने 1 करोड़ तक बकाया वसूली करने टारगेट दिया है, लेकिन बिजली कर्मचारी 25 से 30 लाख तक ही वसूली कर पा रहे हैं।

### क्षेत्रवार बकाया बिल

बैकुंठपुर शहरी क्षेत्र- 6 करोड़, बैकुंठपुर ग्रामीण क्षेत्र- 9 करोड़, सरकारी कार्यालय- 4 करोड़, सोनहत क्षेत्र- 6.5 करोड़, बचरापोड़ी क्षेत्र- 5.5 करोड़,

### वसूली टीम रोज निकल रही: जेई

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के जेई केशव चंद्रा ने बताया कि बकाया बिल वसूली करने कर्मचारियों की टीम रोजाना निकल रही है। डोर टू डोर पहुंचकर कनेक्शनधारियों को बिल पटाने समझाइश दे रही है। नहीं पटाने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं सरकारी कार्यालयों का बकाया बिल भुगतान के लिए भी विभागीय स्तर पर प्रक्रिया चल रही है।

## हैवान बना पति! जंगल में पीट-पीटकर कर दी पत्नी की हत्या

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरीया। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से हत्या की वारदात सामने आई है। जहां चरित्र शंका पर एक युवक ने डंडे से पीटकर पत्नी की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरा मामला झगराखांड थाना क्षेत्र की है। घटना तिथि 11 मार्च सुबह करीब 9.30 बजे बहू के पास फोन कर दमाद रंजीत बसोर बोला, कि सुबह लकड़ी लेने नर्सरी जंगल आए थे। मेरी पत्नी गिर कर बेहोश हो गई है। पानी लेकर जाओ। तब बहू लक्ष्मी, मेरा भाई दुर्गा एवं बेटा सावन बाइक से पानी लेकर जंगल गए। पीछे-पीछे मैं भी सीतला मंदिर के पास नर्सरी जंगल गया। तब तक बेटी संध्या को लेकर आ रहे थे। जो बेहोश थी। जिससे सीएचसी मनेन्द्रगढ लेकर गए। जहां डॉक्टर ने संध्या को मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि हम लोग दमाद से पूछे तो वह बताया कि डंडे से मारपीट की थी। संध्या के शव को देखने पर जगह-जगह चोट लगी है। दमाद रंजीत बसोर ने मेरी बेटी संध्या की हत्या की है। मामले में आरोपी पति के खिलाफ धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## वाहन चेकिंग के दौरान कार से मिला 1,66,99,900 रुपए

**रायपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा प्रतिदिवस वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 12.03.25 को थाना आमानाका के द्वारा टाटीबंध थाना के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी वाहन के दौरान सभी वाहन के डिक्की को चेक किया जा रहा था वाहन इनोवा क्रिस्टा क्रमाक 23-बीएच-8886 जे को रोका गया जिसमे दो व्यक्ति बैठे हुये थे जिन्से पुछताछ पर नागपुर जाना बताये एंव और पुछता करने पर घबराने लगे वाहन के पीछे डिक्की को चेक करवाने से मना करने लगे तब शंका होने वाहन के पीछे डिक्की को अच्छी तरीके से चेक किया गया।

## पटना नगर पंचायत के पहले उपाध्यक्ष बने गौरव अग्रवाल



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के एकमात्र नगर पंचायत पटना में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के कुशल नेतृत्व में अध्यक्ष उपाध्यक्ष भाजपा का बनाकर नगर पंचायत पटना भाजपा में करने का गौरव प्राप्त कर लिया है निश्चित तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के कुशल नेतृत्व के कारण कोरिया जिले के नगरी निकाय सहित जिला पंचायत जनपद पंचायत में भाजपा को बढ़त दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया देवेंद्र तिवारी के युवा नेतृत्व के कारण कोरिया जिला पूर्ण रूप से भाजपा में हो गया है। श्री तिवारी को कोरिया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल चुनाव प्रभारी पंकज गुप्ता के मार्गदर्शन में मिली सफलता तथा पटना क्षेत्र के भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष रवि शंकर शर्मा मंडल अध्यक्ष राम लखन यादव शाहिद भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। तो वही चुनाव प्रभारी प्रदेश की ओर से नियुक्त प्रभारी मुकेश तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## कन्हर नदी में जहरीला रासायनिक पदार्थ डालकर हर दिन मार रहे मछलियां, यहां का पानी भी पीते हैं लोग



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर स्थित कन्हर नदी की धार धीरे-धीरे एक ओर जहां पतली होती जा रही है, वहीं दूसरी ओर पिछले 15 दिन से लगातार दर्जनों लोगों द्वारा नदी में जहरीला रासायनिक पदार्थ मिलाकर मछलियां मारी जा रही है। कन्हर नदी के पानी का उपयोग नगर के लोग पीने में भी करते हैं। ऐसे में यह रसायन मिला पानी लोगों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। कन्हर नदी में ग्राम पुरानडीह में स्थित इंटक वेल से लेकर मुक्ति धाम के नीचे तक मछली मारने के लिए दर्जनों लोगों के द्वारा जहरीला रासायनिक पदार्थ पोटिया प्लस को आटे में मिलाकर नदी में डाल दिया जाता है। इसके बाद मछलियां मरनी शुरू हो जातीं हैं। मछलियों के मरने के बाद उन्हें चुनकर लोग ले जाते हैं। यह सिलसिला विगत 15 दिन से चल रहा है। कभी भी यह खतरनाक स्वरूप ले सकता है एवं दर्जनों लोगों की जान आफत में पड़ सकती है। रासायनिक जहरीला पदार्थ की महक काफी तेज होती है। इस कारण इसके नजदीक जाना भी मुश्किल होता है परंतु लोग अपनी जान की बाजी लगाकर मछली मार कर ले जा रहे हैं।

कन्हर नदी में यदि आप घूमने जाएं और अचानक से हजारों की संख्या में मछलियां मरी दिखें तो आश्चर्य में मत पड़िएगा, रासायनिक जहरीला खाद्य पदार्थ डालकर इन्हें मार दिया जा रहा है, फिर बाद में इन्हें मार्केट में बेचा जा रहा है। जिस प्रकार से प्रतिदिन नदी में रासायनिक पदार्थ डालकर मछलियां मारी जा रहीं हैं। इससे कभी भी सैकड़ों लोगों के साथ कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अधिकांश नगरवासी पीने के लिए इसी पानी का उपयोग करते हैं।

लोगों द्वारा जहरीला रासायनिक पदार्थ नदी में डालकर मछलियां मारने की सूचना जैसे ही नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल को मिली तो उनके निर्देश पर नगर पालिका के विनोद केसरी सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंची एवं पानी में जहरीला पदार्थ डालकर मछली मार रहे लोगों को जमकर फटकार लगाई।

नगर पालिका और पुलिस के अमले को देख मछली मार रहे लोग वहां से भाग खड़े हुए। सीएमओ सुधीर कुमार ने कहा कि इस मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए सख्त कदम उठाएंगे तथा ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। सीएमओ ने कहा कि यदि कभी भी कोई ऐसा करता है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जाएगी।

## ढाबा में बिक रहा था शराब, संचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए.सी.सी.यू. द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में दिनांक 11.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिचोली स्थित पंजाबी ढ़ाबा का संचालक अपने ढ़ाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर होटल एवं किराए के मकान में ले जाकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी 32 वर्षीय प्रार्थिया ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि आरोपी आरिफ खान 30 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर होटल के कमरा एवं किराए के मकान में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी से शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में बुढ़ापारा निवासी सुयश जैन 22 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सुजूकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 पीएफ 0423 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ईदगाहरभाठा निवासी शेख सलमान 30 वर्ष ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 0868 को सिंधीपारा बजाज गली में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में गोदरीवाल सिटी देवपुरी निवासी दिनेश तारवानी 29 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी अग्रवाल डेयरी के बाजू न्यू राजेन्द्र नगर में एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एन डब्लू 1883 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## आदतन अपराधियों/हुड़दंगियों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**रायपुर।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं अगामी होली त्यौहार में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु थाना क्षेत् में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने की अंदेशा पर 03 आदतन बादमश के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही किये गये तीनों आदतन अपराधी है जो हमेशा मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, चोरी जैसे अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं।

## पत्रकारों की सुरक्षा, नए स्कूलों की स्वीकृति एवं मछली पालन अनुदान पर भावना ने विधानसभा में रखे सवाल

**रायपुर।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा का संवेदनशील विषय सदन के समक्ष रखा और बस्तर संभाग के बीजापुर के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के संबंध में प्रश्न किया। इसके साथ ही उन्होंने नए स्कूल की स्थापना और शिक्षा से जुड़े प्रमुख विषयों एवं मछली पालन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं व उनके क्रियान्वयन के संबंध में प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि बस्तर संभाग (बीजापुर) के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकार की निर्मम हत्या के बाद प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर शासन की क्या नीति है? किसी भी दुर्घटना से यदि प्रदेश के जनसंपर्क विभाग के पंजीकृत पत्रकार हताहत होते हैं, तब शासन की ओर से मुआवजे / ईलाज आदि का क्या प्रावधान है? जिसके लिखित में उत्तर दते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा अधिनियम-2023 कानून प्रक्रियाधीन हैं। जनसंपर्क विभाग में पत्रकारों को पंजीकृत नहीं किया जाता है। छत्तीसगढ़ संचार प्रतिनिधि कल्याण सहायता नियम-2019 के तहत पत्रकार एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए एक वर्ष में न्यूनतम रूपये 10 हजार और अधिकतम रूपये 2 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती हैं। यदि पत्रकार की असमायिक मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये तक की राशि दिये जाने का प्रावधान हैं। भावना बोहरा ने स्कूल एवं शिक्षा से सम्बंधित प्रश्न करते हुए पूछा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में कितने नए स्कूल स्वीकृत हुए हैं? स्कूल शिक्षा में छत्तीसगढ़ आज देश में किस स्थान पर है? प्रदेश में विद्यार्थियों का स्कूल ड्रॉपआउट रेट क्या है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में मुख्यमंत्री जी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 16 नवीन प्राथमिक शाला स्वीकृत हुई है। नीति आयोग की रैंकिग अनुसार स्कूल शिक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय मूल्यांकन रेंज 521-580 के मध्य आंकाक्षी एक श्रेणी में है। वर्ष 2023-24 के यूडाईस डाटा के अनुसार प्रदेश में ड्रॉपआउट दर प्राथमिक स्तर में 1.8प्रतिशत, उच्च प्राथमिक स्तर में 5.3 तथा हाईस्कूल स्तर में 16.3प्रतिशत है। मछली पालन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं के बारे में प्रश्न करते हुए विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि मछली पालन हेतु शासन द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? हितग्राहियों को दी जाने वाली छूट/अनुदान राशि एवं कबीरधाम जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कितने किसानों को मछली पालन हेतु 1 जनवरी, 2024 से 1 फरवरी, 2025 तक कितनी अनुदान राशि दी गई है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में मुख्यमंत्री जी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण हेतु विभागीय 10 दिवसीय प्रशिक्षण के तहत 1250 रु.प्रति हितग्राही, विभागीय 3 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु 1000 रु. प्रति हितग्राही, प्रदेश के बाहर अध्ययन भ्रमण हेतु 2500 रु.प्रति हितग्राही और पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को त्रिवर्षीय अनुदान सहयता के तहत 3 लाख रूप प्रति समिति अनुदान दिया जाता है।

उसी तरह मतस्य पालन प्रसार हेतु मतस्य बीज संवर्धन योजना के तहत प्रति हितग्राही 40 हजार रु., फुटकर मछली विक्रय योजना के तहत प्रति हितग्राही 6 हजार रु., मत्स्याखेट उपकरण सहयता एतु प्रति हितग्राही 10 हजार रु., 05 वर्षीय अंगुलिका संचयन के तहत प्रति हितग्राही 4 हजार रु., झींगा सह मछली पालन हेतु 15 हजार प्रति हितग्राही का प्रावधान है और प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना अंतर्गत कुल 9 योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिससे मछली पालन करने वाले हितग्राहियों को समय-समय पर लाभ मिल रहा है। कबीरधाम जिले में अनुसूचित जाति के 96 किसानों एवं अनुसूचित जनजाति के 253 किसानों को कुल राशि रूपये 186.19667 लाख का अनुदान दी गई है।

## जुआरी एवं सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर।** खमतराई एवं टिकरापारा पुलिस ने जुआरी एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, नकदी 7800 रुपए और मोबाइल फोन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने गंगानगर में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी राहुल तांडी 23 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 4800 रुपए जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में टिकरापारा पुलिस ने पचपेड़ीनाका में दबिश देकर सट्टा खिलाते आरोपी सूर्यप्रकाश यदू 32 वर्ष, कमलेश देवांगन व करण खेमानी को क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 नग मोबाइल व नकदी 3 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अवैध शराब के साथ तीन कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ तीन कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 113 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवा तालाब के पास आरोपी मन्नु सिन्हा 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम चिचोली पंजाबी ढाबा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी अमरमताल सिंह चावला 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 37 पाव देशी शराब और 18 पाव अंग्रेजी शराब एवं बिक्री रकम 48 हजार रुपए जब्त किया है।

# बिजली घरों के राखड़ बांध के नजदीकी इलाके में प्रदूषण भयावह, आंदोलन करेंगे ग्रामीण

## एनटीपीसी प्रबंधन के रवैये से नाराजगी, नियंत्रण के लिए केवल मिल रहा आश्वासन

**कोरबा।** जिले में बिजली घरों के द्वारा अपने यहां से उत्सर्जित राखड़ के स्टोर के लिए बनाए गए फ्लाईऐश पौंड के नजदीकी क्षेत्र में जनजीवन प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा है। खासतौर पर एनटीपीसी प्रबंधन को लेकर लोगों की नाराजगी है। लोगों ने आंदोलन की मानसिकता बनाई है।

कटघोरा ब्लॉक का ग्राम पंचायत धनरास में स्थापित एनटीपीसी थर्मल पावर प्लांट का राखड़ डंप एरिया स्थापित है। जिसकी वजह से यहां के ग्रामीण इस राखड़ के दूषित पानी, व उड़ते राखड़ से हमेशा से पीड़ित रहे हैं। एनटीपीसी प्रबंधन की लापरवाही को लेकर यहां के ग्रामीण कई दफा आंदोलन कर चुके है जिसमें क्षेत्रीय विधायक भी ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को लेकर एनटीपीसी प्रबंधन से उनकी मांगों लेकर बात कर चुके है लेकिन एनटीपीसी प्रबंधन सिर्फ आजतक आश्वासन ही देता आया है। इस बारे में



धनरास पंचायत के सरपंच लक्ष्मीकांत कंवर ने जिला कलेक्टर व कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौपते हुए सूचित किया है। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि हमने अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर आपके समक्ष कई बार आवेदन देकर आंदोलन किया गया है जिसका निराकरण अभी तक पिछले 6 महीनों से नहीं हुआ है केवल आश्वाशन दिया जा रहा है इसलिए पुनः निम्न मांगो को लेकर आंदोलन किया जाना है। कहा गया कि ग्राम पंचायत धनरास के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राखड़ बांध में पिछले 10 वर्षों से मजदूरी दर में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं हुई है एवं एनटीपीसी दर से भुगतान किया जाए। नवंबर माह से जुलाई माह तक 9 महीने राखड़ डस्ट उड़ने की शिकायत रहती है जिसकी परेशानी पूरे धनरास पंचायत को उठाना पड़ता है जबकि 9 माह में केवल 10 दिवस का 300 के हिसाब से क्षतिपूर्ति राशि दिया जाता है उसको बढ़ाकर पूरे 9 माह तक दिया जाए।

### तीन मांगों पर विशेष जोर

ग्राम पंचायत धनरास के नवनिर्वाचित सरपंच व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत कंवर ने बताया कि उनके नेतृत्व में कई बार आंदोलन हो चुका है लेकिन एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया। अब धनरास के ग्रामीण अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 17 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। इस बार आरपार की लड़ाई होगी।

## विवेकानंद वार्ड में बिछेगी पाईप लाईन

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी के अंतर्गत आने वाले विवेकानंद वार्ड में पेय जल की समस्या को देखते हुए पार्षद कांतिदेवी ने बोर कराते हुए पाईप लाईन बिछाने की व्यवस्था की है। उन्होंने पार्षद बनते ही सबसे पहले लोगों से मुलाकात की नागरिको ने बताया कि वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या है। कांति देवी ने नगर पंचायत पहुंचकर सबसे पहले बोर कराने का प्रस्ताव रखा । बोर का काम तत्काल हो गया लेकिन अब पाईप लाईन बिछाने की तैयारी की जा रही है। बोर का कार्य होने पर नागरिकों ने इसका स्वागत किया है।

## पूर्व विधायक बौद्ध संगोष्ठी में शामिल होगें

**कोरबा।** बसपा के संस्थापक कांशी राम की जयंती के अवसर पर 15 मार्च को बांकीमोगरा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस संगोष्ठी में पांमगढ़ के पूर्व विधायक दूज राम बौद्ध उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी करेगें। अतिथि के रूप में एडी जांगडे, डीआर जाटवार मौजूद रहेगें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यजीत कुर्रे,जितेन्द्र बंजारे, भगवती केवंडीज, देव सिंह पंकज, राजकुमार नारंगे, कार्तिक बाई, केशरसोनवानी,दिलीप कुर्रे, बाबूलाल टंडन सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## एसईकेएमसी प्रबंधन को सौंपेगा ज्ञापन

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में संडे ड्यूटी में कटौती कर दी गई है। संभी संगठन अलग अलग प्रबंधन को ज्ञापन सौंप रहे है। आज एसईकेएमसी के भागवत सिंह , सुमीत शुक्ला , प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास, रामफल साहू ज्ञापन सौपेगें। केन्द्रीय उपाध्यक्ष संदीप चौधरी व किशोर सिन्हा का कहना है कि मानिकपुर में कामगारों को संडे ड्यूटी मिलता रहा है। अब संडे में कोई कटौती होने से कामगार परेशान है इसके पहले बीकेकेएमएस के शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह,नलीन पवार, मिलीलाल , एसकेएमएस के उजल्लव बनर्जी, राजू श्रीवास्तव राजेश दूबे, एसएमएस के चंदराम बंजारे छतराम मिरी ने प्रबंधन को जाकर ज्ञापन सौंपा है।

# कई दशक बाद भी कायम है होलीफोबिया, ग्रामीण दूर रहते हैं रंगों से

**कोरबा।** रंगों का त्योहार होली... जहां हर तरफ गुलाल उड़ता है और हर कोई खुशी से सराबोर होता है. लेकिन कोरबा जिले में एक गांव ऐसा है, जहां होली का रंग फीका है. यहां पिछले 150 सालों से होली नहीं मनाई जाती। न रंग भरी पिचकारी चलती है, न रंग-बिरंगे गुलाल उड़ते हैं। इस गांव का नाम है खरहरी।

कोरबा जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर स्थित खरहरी गांव के लोग आज भी उस अंधविश्वास को निभा रहे हैं, जो उन्हें विरासत में मिला है. हैरानी की बात ये है कि गांव की साक्षरता दर 76 प्रतिशत है, फिर भी ग्रामीण बुजुर्गों की बातों का आंख मूंद कर पालन करते आ रहे हैं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि उनके जन्म से बहुत पहले ही इस गांव में होली न मनाने की परंपरा शुरू हो गई थी. उनका कहना है कि लगभग 150 साल पहले गांव में होली के दिन आग लग गई थी, जिससे काफी नुकसान हुआ था। गांव के लोगों का मानना है कि जैसे ही बैगा ने होलिका दहन की, उसके घर में आग लग गई। आसमान से गिरे अंगारे बैगा के घर पर गिरे और देखते ही देखते आग पूरे गांव में फैल गई। गांव के युवा भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। 11वीं कक्षा के छात्र नमन चौहान बताते हैं कि वो पढ़े-लिखे हैं, लेकिन फिर भी अपने पूर्वजों की



परंपरा का पालन कर रहे हैं। उन्हें डर है कि अगर वो गांव में होली खेलेंगे तो नुकसान हो सकता है।

होली न मनाने के पीछे एक और मान्यता है। कहा जाता है कि देवी मड़वारानी ने सपने में आकर कहा था कि गांव में न तो कभी होली का त्योहार मनाया जाए और न ही होलिका दहन किया जाए, अगर कोई ऐसा करता है तो बड़ा अपशगुन होगा। गांव में रहने वाली कीर्तन बाई बताती हैं कि शादी से पहले वो होली मनाती थीं, लेकिन जब से वो खरहरी गांव आई हैं, उन्होंने होली खेलना छोड़ दिया है। ये मान्यताएं निश्चित रूप से होली के त्योहार को फीका करती हैं, जो रंगों और खुशियों का प्रतीक है। देखना ये है कि क्या खरहरी गांव कभी इस अंधविश्वास से बाहर निकल पाएगा और रंगों के इस त्योहार को खुशी से मना पाएगा।

## होली मिलन समारोह 16 को

**कोरबा।** भिलाईबाजार मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पडनिया में होली मिलन समारोह 16 मार्च को आयोजित किया गया है। दिनेश राठौर ने बताया कि इस कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव मौजूद रहेगें।

## मर्यादित आचरण की अपेक्षा : पद्मिनी

**कोरबा।** नगर पंचायत छूरीकला के अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी देवांगन ने पौराणिक काल से मनाई जा रहे हैं होली पर्व की नागरिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रंगों का अपना विशेष महत्व है और यही जीवन को खास बनाते हैं। रंगो उत्सव भी इसी से जुड़ा हुआ है। इस दौरान सभी लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि मर्यादित आचरण के साथ खुशियों को साझा करें।



## रिटायर कामगारों को दवा मिलने में हो रही बाधा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना क्षेत्र के रिटायर कोयला कामगारों को दवा नही मिल पा रहा है। इस मामले को एसईकेएमसी ने जोर शोर से उठाया आईआर बैठक में हरनाम सिंह व दिनेश दूबे ने कहा कि रिटायर कामगारों को बाहर से दवाईयां खरीदने पड़ रही है। प्रबंधन को चाहिए कि व दवाईयों की उचित व्यवस्था करें। इसी तरह कालोनी क्षेत्र के उद्यानों में गाजर घास उग आए है। जिन्हें हटाकर साफसफाई किए जाने की आवश्यकता है। उद्यान में अकसर बच्चें खेलने के लिए जाते है। गाजर घास के चतले बच्चों को परेशानी होती है। इसी तरह दीपका कालोनी में लगे पाईप लाईन में जंग लगने के कारण पेयजल की आपूर्ति बाधा पहुंच रहा है। जिसे ठीक किए जाने की जरूरत है। एसईकेएमसी ने और भी कई मुद्दो को उठाया।

# शराब जब्त, होली में खपाने की योजना पर फेरा पानी

कोरबा। होली पर ड्रा डे घोषित करने की स्थिति में अवैध शराब निर्माण और स्टोरेज को लेकर कई जगह काम करने की खबर पर पूंजीपथरा पुलिस ने एक्शन लिया और दो लोगों के कब्जे से 100 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की। इस मामले में अशोकराम पासवान निवासी बनकट कांडी जिला-गढ़वा और प्रेम धनुवार पतरापाली को गिरफ्तार किया गया।

टीआई राकेश मिश्रा के थाना प्रभारी राकेश मिश्रा के द्वारा अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने मुखबिर सक्रिय किए गए। एसआई विजय



एक्का के नेतृत्व में टीम ने बेलारी गोठान के पास टीवीएस जुपिटर सीजी-13एआर-2429 से इस शराब को पकड़ा। बताया गया कि आरोपी ग्राम बेलारी के मुंचु संतराम राठिया से शराब लेकर इसे बेचने के लिए पाली जा रहे थे। मुंचु की तलाश की जा रही है जबकि दो गिरफ्तार कर लिए गए। तीनों आरोपियों पर 34-2, 50-क आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि होली के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और बिक्री पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की गतिविधियों के बारे में सूचना दें। हालिया कार्रवाई में एएसआई जयराम सिदार, हेड कांस्टेबल लोमेश राजपूत, विनीत तिर्की सहित अनेक कर्मियों ने अपनी भूमिका निभाई।

## बांकीमोंगरा में उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रभारी ने बैठक ली

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में आज उपाध्यक्ष का चुनाव हो रहा है। चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने धुढदेवा पहुंचकर पार्षदों की बैठक ली । उन्होंने पार्षदो का एकजुट रहने को कहा बांकी मोगरा क्षेत्र में कुल 30 वार्ड है जिसमें कांग्रेस के सबसे अधिक 13 पार्षद चुनाव जीतकर आए है। भाजपा के 10 पार्षद है निर्दलीय पार्षदों की संख्या 6 है अधिक पार्षद होने के कारण कांग्रेस की ओर से उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी खड़ा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। उपाध्यक्ष पद के लिए तेज प्रताप राजकुमार मिश्रा, राकेश अग्रवाल के नाम सामने आ रहे है। निर्दलीय पार्षद जिस ओर जाएगें उस पार्टी का पार्षद उपाध्यक्ष बनेगा। बैठक में पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर , हरीश परसाई, जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल , टीकाराम मनहरण, प्रदीप अग्रवाल, परामानंद सिंह, अजय प्रसाद, संजय आजाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।







# उन्नति उत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए महिलाओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व महिला दिवस-2025 के अवसर पर 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बालको लेडिज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार उपस्थित थी। उत्सव में 1,200 से अधिक स्व सहायता समूह की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मुख्य अतिथि की उपस्थिति में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए 16 लोगों को सम्मानित किया गया। इन सभी ने अपने योगदान से राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है।

उत्सव में जिला प्रशासन के सहयोग तथा बालको की सामुदायिक विकास परियोजनाओं के तहत 10 खाद्य और 2 आभूषण स्टॉल लगाए गए। इस मंच ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर प्रदान किया। मेहंदी लगाने एवं चाक की मदद से मिट्टी के बर्तन बनाने का स्टॉल, आंगतुकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था। पारंपरिक शिल्प कला के प्रदर्शन के साथ महिलाओं एवं बच्चों के लिए इंटरैक्टिव खेल, सांप-



सीढ़ी, तीरदांजी और रस्साकशी आदि शामिल था। इसमें उत्कृष्ट भागीदारी के लिए पुरस्कार भी दिए गए हैं।

कोरबा की महापौर सभी महिलाओं से मिली और स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। वेदांता स्किल स्कूल की लड़कियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम, 'तेजी से कार्रवाई करें' के अतर्गत फ्लैश मॉब किया जो लैंगिक समानता और सशक्तिकरण के सम्मोहक संदेश पर आधारित था। छत्तीसगढ़ के कर्मा नृत्य तथा राजस्थानी नृत्य ने समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता का संदेश देते हुए सभी का मनोरंजन किया।

उन्नति उत्सव कार्यक्रम यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता एवं अभिव्यक्ति का अवसर मिले। यह आयोजन समावेशी, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए बालको की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पुरस्कृत महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बालको के योगदान को उत्कृष्ट बताया। महिलाओं ने यह भी बताया कि बालको की मदद से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। खुद आत्मनिर्भर होकर वे परिवार की मदद करने में सक्षम हुई हैं। अनेक सामाजिक मिथकों और कुरीतियों को समाप्त करने में उनकी सक्रिय भागीदारी है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने उन्नति उत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सभी अपने समाज को सकारात्मक रूप से बदलने के लिए एकजुट हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अनेक अवसर बालको की परियोजना उन्नति के जरिए उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं। इससे उन्हें समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी। सीईओ श्री राजेश कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान दें। बालको प्रबंधन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है।

मुख्य अतिथि संजू देवी राजपूत ने सीएसआर में बालको के उल्लेखनीय प्रयास की सराहना करते हुए उन्नति परियोजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पहल स्थायी आजीविका और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा हमें स्व सहायता समूह की महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्नति पर विश्वास जताते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की रचनात्मक भागीदारी से यह परियोजना नई ऊंचाइयों को छूएगी।

उन्नति उत्सव में वेदांता स्किल स्कूल, मोर जल मोर माटी, नयी किरण, आरोग्य, उन्नति, प्रोजेक्ट कनेक्ट एवं नंद घर परियोजनाओं के स्टॉल भी शामिल थे। जहां पर बालको के सामुदायिक विकास की विस्तृत जानकारी दी जा रही थी। उत्सव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाईयां भी दी गई।

प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है। 534 से अधिक एसएचजी, जिनमें 5,800 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रही हैं। माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा फूड ट्रक 'उन्नति कैफे ऑन व्हील्स' और उना टी शॉप 'चाय बिहान' का कलेक्ट्रेट में संचालित किया जा रहा है। इन परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने में सहायक बना। परियोजना का संचालन स्वयंसेवी संगठन जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सोल्यूशंस के सहयोग से किया जा रहा है।

## उपाध्यक्ष पंजवानी का किया गया स्वागत

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी के उपाध्यक्ष पद पर हीरानंद पंजवानी के उपाध्यक्ष बनने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया । इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा व मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग का भी स्वागत किया गया। भाजपा के देवेन्द्र देवांगन , करूणाशंकर देवांगन , श्याम साहू, मनोज विश्वास, रमेश श्रीवास, राजेन्द्र टंडन, डाकेश्वर शुक्ला, सुनील खांडे, शमजीत जीत, किशन केशरवानी, विवेक मारकण्डे, अनुराग दुहलानी सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे।

*__कोरबा।__ शहर की शराब दुकानों में आज जमकर भीड़ उमड़ी। आबकारी विभाग को अनुमान है कि पिछले वर्षों के सभी रिकार्ड ब्रेक हो सकते हैं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com